संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, रविवार, 03 दिसंबर 2023 | ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आकाशवाणी रंग भवन सभागार में दीप प्रज्वलित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 323 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




## फास्ट न्यूज

### भारत-बांग्लादेश में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली:** भारत और बांग्लादेश में शनिवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 9.05 बजे दोनों देशों में 5.6 तीव्रता के भूकंप से जमीन कांपी। अभी तक दोनों ही देशों में इस भूकंप से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। भूकंप का केंद्र दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश में 55 किलोमीटर गहराई में था। पश्चिम बंगाल आपदा प्रबंधन विभाग ने कहा कि फिलहाल राज्य में कहीं से किसी नुकसान की खबर नहीं मिली है।

### यूपी के शाहजहांपुर से एक युवक को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने शनिवार को उत्तर प्रदेश से शाहजहांपुर जिले के बंडा कस्बे में छापा मारकर एक युवक को गिरफ्तार किया और पूछताछ के लिए उसको अपने साथ ले गई। एनआईए ने यह कार्रवाई बेंगलुरु में नकली नोटों से जुड़े एक मामले में की है। एनआईए की टीम ने बंडा थाना क्षेत्र स्थित रामनगर कॉलोनी में रहने वाले विवेक ठाकुर उर्फ आदित्य के घर पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान जांच एजेंसी ने युवक के पास मिले लैपटॉप, मोबाइल सहित कई दस्तावेजों को अपने कब्जे में ले लिया है। इसके बाद एनआईए टीम पूछताछ के लिए उसे अपने साथ लेकर गई है।

### लद्दाख में 3.4 की तीव्रता का भूकंप

**लद्दाख।** लद्दाख में शनिवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए।

सुबह 8 बजकर 25 मिनट पर लद्दाख में रिक्टर पैमाने पर 3.4 की तीव्रता के भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए।

# प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज, दांव पर लगी कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा

= मतों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू होगी, जिसमें सबसे पहले सेवा मतदाताओं के मतों की गणना होगी।

**मतगणना**

8 प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में से कवर्धा में सबसे अधिक 30 चक्रों में मतगणना होगी।



**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**छत्तीसगढ़** विधानसभा चुनाव के नतीजे आज यानी तीन दिसंबर को आएंगे। मतगणना के लिए प्रदेश के 33 जिलों में चुनाव आयोग ने तैयारी कर ली है। कल 1181 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है। मतगणना के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए 14 टेबल लगाए गए हैं। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में से कवर्धा में सबसे अधिक 30 चक्रों में मतगणना होगी। इसके बाद कसडोल में 29 चक्र होंगे। वहीं सबसे कम मनेंद्रगढ़ और भिलाई नगर में 12 चक्रों में मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि मतों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू होगी, जिसमें सबसे पहले सेवा मतदाताओं के मतों की गणना होगी। सबसे पहले ईटीपीबीएस (इलेक्ट्रानिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलैट सिस्टम) से प्राप्त मतों के क्यूआर कोड की स्कैनिंग की जाएगी। उसके बाद डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी। साढ़े आठ बजे के बाद सभी टेबलों पर एक साथ मतगणना शुरू होगी। 1181 अभ्यर्थियों के राजनीतिक भाग्य का फैसला सात और 17 नवंबर को ईवीएम में बंद हुआ था। कल यानी तीन दिसंबर को मतों की गिनती के साथ ही इनकी किस्मत का फैसला होगा।
कंगाले ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना केन्द्रों में होने वाली मतों की गिनती के दौरान बिना प्राधिकार पत्र के किसी भी व्यक्ति को मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मतगणना के दौरान अभ्यर्थी किसी भी टेबल पर जाकर मतगणना को देख सकेंगे जबकि अभ्यर्थी के अभिकर्ता सिर्फ निर्धारित टेबल पर ही मतगणना का निरीक्षण करेंगे। मतगणना की पूरी कार्रवाई मतगणना प्रेक्षक और सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति और निगरानी में होगी।
इस दौरान हर एक राउंड के खत्म होने पर अभ्यर्थी या उनके अभिकर्ता की उपस्थिति और प्रेक्षक की निगरानी में रैंडम आधार पर किसी दो कंट्रोल यूनिट की जांच की जाएगी।

## राजस्थान में बनेगी भाजपा की सरकारः ठाकुर



**जयपुर।** केंद्रीय सूचना और प्रसारणमंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। राज्य के लोगों को कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने यहां एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा में यह बात कही। ठाकुर शनिवार को राजस्थान के एक दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे। वो जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद सड़क मार्ग से अजमेर के लिए रवाना हो गए। वे मेयो कॉलेज के स्पोर्ट्स डे इनोग्रेशन में शामिल होने के लिए आए हैं। केन्द्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है और कल केवल नतीजे आने बाकी हैं।

## अयोध्या में 320 करोड़ की लागत से श्रीराम एयरपोर्ट तैयार



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां निमार्णाधीन मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। उनके साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ वीके सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों ने एयरपोर्ट के निर्माण से जुड़े प्रेजेंटेशन को भी देखा और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने मीडिया को बताया कि अयोध्या में बन रहे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का निर्माण कार्य 15 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप प्रभु श्रीराम की पावन अयोध्या नये भारत की नई अयोध्या बन रही है। अयोध्या की देश और दुनिया के साथ कैसी कनेक्टिविटी होनी चाहिए, इसी के निरीक्षण के लिए यहां केंद्रीय मंत्रियों के साथ आना हुआ है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में पहले मात्र 178 एकड़ में बहुत छोटी सी एयरस्ट्रिप थी। इसे एक बड़े इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में तैयार किया गया है। 821 एकड़ लैंड राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराने के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी इंडिया द्वारा नये एयरपोर्ट का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।

## विजय दिवस पर आएंगे बांग्लादेशी मुक्तियोद्धा



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
विजय दिवस के मौके पर बांग्लादेश से कई बांग्लादेशी योद्धा भारत आएंगे और अपनी यादों को साझा करेंगे। वे बताएंगे कि किस तरह से 16 दिसंबर 1971 को बांग्लादेश के जन्म से पहले भारतीय सेना ने 93,000 पाकिस्तानी सेना के जवानों को युद्ध बंदी बना लिया था। कैसा था उस समय ढाका और बांग्लादेश का नजारा। भारतीय वीरों ने किस तरह से दुश्मनों के छक्के छुड़ाए थे और बांग्लादेश का जन्म हुआ था। यह बात आज भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय में विजय दिवस से पूर्व आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेजर जनरल एमपी सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि विजय दिवस के अवसर पर कोलकाता में 15 और 16 दिसंबर तक विभिन्न जगह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें हिस्सा लेने के लिए 36 सदस्यीय एक प्रतिनिधिमंडल भारत आएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों देशों के सांस्कृतिक समन्वय को दिखाया जाएगा। इस दौरान भारतीय वीरों के पराक्रम और साहसिक गतिविधियों को भी दिखाया जाएगा। इसी कार्यक्रम में बांग्लादेश के कोलकाता स्थित उप उच्चायुक्त अंदालीब इलियास ने कहा कि बांग्लादेश की स्वतंत्रता में उनका देश भारतीय सेना और लोगों का सदा ऋणी रहेगा। जिस तरह से भारतीय सेना ने बांग्लादेश की आजादी में भूमिका निभाई, वह भी एक एतिहासिक घटना है।




## 'गंगा नदी के आस-पास न हो कोई अवैध निर्मा[illegible]कार्य'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उच्चतम न्यायालय ने बिहार सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि गंगा नदी के करीब, खासकर पटना और उसके आस-पास कोई निर्माण कार्य न हो। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राज्य सरकार को पटना में गंगा नदी के डूब क्षेत्र में बनाए गए उन अवैध ढांचों को हटाने के बारे में सूचित करते हुए हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया, जिन्हें चिह्नित किया गया है। मामला जब सुनवाई के लिए आता है तो बिहार सरकार के वकील कहते हैं कि राज्य ने पटना और उसके आसपास गंगा नदी से सटे 213 अनधिकृत निमार्णों की पहचान की है और इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए कदम उठाए गए हैं। पीठ ने कहा, 'राज्य इस अदालत को एक हलफनामा दायर करके इन अवैध ढांचों को हटाने की दिशा में हुई प्रगति के बारे में रिपोर्ट देगा। इस तरह का हलफनामा बिहार के मुख्य सचिव द्वारा दायर किया जाएगा।

## इस साल 112 रोहिंग्या समेत 716 घुसपैठिए गिरफ्तार

**अगरतलाः** त्रिपुरा में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास से कुल 716 घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा सुरक्षा बल के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि घुसपैठियों में 112 रोहिंग्या और 319 बांग्लादेशी शामिल हैं। सीमा सुरक्षा बल ने शुक्रवार को अपना 59वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर बीएसएफ त्रिपुरा फ्रंटीयर हेडक्वार्टर को संबोधित करते हुए डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल आरके सिंह ने कहा कि पिछले साल अवैध तरीके से उत्तरीपूर्वी राज्यों से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय सीमा को पार करते हुए कुल 369 लोगों को पकड़ा गया था।

**मुलाकात** सुरंग में फंसे श्रमिकों की निकासी के दौरान दिये गये मार्गनिर्देशन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया

## उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें देहरादून में 8 और 9 दिसंबर को आयोजित हो रहे वैश्विक निवेश सम्मेलन के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया।
मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का सिल्क्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों की निकासी के दौरान दिये गये मार्गनिर्देशन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से राज्य से जुडे विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से जमरानी बांध परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में शामिल कर 1730.21 करोड़ की स्वीकृति के लिए आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने सौंग बांध पेयजल परियोजना को पूंजीगत व्यय के लिए वित्तीय सहायता के रूप में 2,460 करोड़ रुपये की स्वीकृति तथा जौलीग्रान्ट हवाई अड्डे के उच्चीकरण के लिए विशेष वित्तीय सहायता के रूप में 3000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता का अनुरोध किया।
मुख्यमंत्री ने ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर, हरिद्वार में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित करने, न्यूजीलैण्ड के सहयोग से चल रहे।
कीवी फिजिबिलटी स्टडी में उत्तराखण्ड को सम्मिलित करने का अनुरोध किया।

**अनुरोध**

8 वित्तीय सहायता के रूप में 3000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता का अनुरोध किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से मिल रहा है लोगों को योजनाओं का लाभ: सिंह

## विधायक ईश्वर सिंह गांव भूसला में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में हुए शामिल, विभागों द्वारा आमजन को दी जाने वाली सेवाओं के दृष्टिगत लगाये गये स्टॉलों का किया निरीक्षण, मौके पर लाभार्थियों को वितरित किए गैस सिलैंडर व राहत राशि: नवीन मल्होत्रा








**कैथल/टीम एक्शन इंडिया**
विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम से गांव-गांव आमजन को जहां योजनाओं का लाभ मिल रहा है, वहीं सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी मिल रही है। ग्रामीण आंचल में ज्ञान के अभाव में कई व्यक्ति कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते। इस कार्यक्रम से उन्हें पूरी जानकारी मिलेगी, जिससे वे संबंधित योजना का लाभ ले सकेंगे। विधायक ईश्वर सिंह गांव भूसला में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद  कार्यकम के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को दी जाने वाली सेवाओं के दृष्टिगत लगाई स्टॉलों का निरीक्षण किया और मौके पर ही लाभार्थियों को गैस सिलैंडर व राहत राशि के चैक वितरित किए। इसके साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी सम्मानित किया गया। विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है, जिससे गरीब व्यक्ति समाज की मुख्य धारा में शामिल हो रहे हैं। योजनाओं की जानकारी मिलने से संबंधित लाभार्थियों को बहुत लाभ होगा। इसी उद्धेश्य को लेकर





विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि आज नागरिकों को योजनाओं को लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे बल्कि ऑनलाईन व्यवस्था से उन्हें घर बैठे ही लाभ मिल रहा है। यह यात्रा समाज के विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। इस यात्रा के दौरान गरीब वर्गों के लोगों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग के लोगों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की स्कीम की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जा रही है, ताकि उनके स्कीमों के प्रति जागरूकता पैदा हो और वे इनका लाभ उठा सकें। यदि किसी का आयुष्मान कार्ड, बीपीएल कार्ड, परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता या अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं बनी है तो उनका मौके पर ही विभागों द्वारा पंजीकरण किया जा रहा है।उन्होंने  कहा कि गांव भूसला के स्कूल में करोड़ों रुपये की धनराशि खर्च की गई है। इसके साथ-साथ गांव में खेल स्टेडियम का निर्माण करवाया जाएगा। गांव के अनेकों विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये की धनराशि खर्च की गई है। गुहला हलके में करोड़ों रुपये से विकास कार्य निरंतर जारी हैं।

सभी परियोजनाएं पूरी होने के बाद इस क्षेत्र की सूरत बदल जाएगी। सरकार द्वारा इस क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये की धनराशि निरंतर स्वीकृत की जा रही है। आमजन के जो भी कार्य हैं, उन्हें प्राथमिकता से पूरा करवाया जा रहा है। बीजेपी जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने गांव भूसला में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में मीडिया से बातचीत  करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश निरंतर तरक्की कर रहा है।

वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र की परिकल्पना को पूरा करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर कार्यरत हैं। प्रत्येक वर्ग विशेषकर गरीब लोगों के लिए ऐसी अनेकों योजनाएं चलाई गई है, जिसका लाभ वंचित लोगों को मिलना शुरू हुआ है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से जिला के सभी गांव व शहरी क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर-के लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। कार्येकर्म में लाभार्थी महिलाओं संतोष , रीना , सुदेश और उषा रानी ने कहा कि प्रधानमंत्री की योजनाओं का लाभ उठाकर वह आत्मनिर्भर हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर वह बहुत खुश है। लाभार्थी महिलाओं ने  कहा कि वह  समूह बनाकर कर जंहा प्रधानमत्री की लाभकारी योजना का लाभ उठा रही है वही वह  अच्छी आमदनी कमाकर आत्मनिर्भर भी हो रही है , उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा चलाई अनेको कल्याणकारी योजनाओं का आम जन को काफी लाभ पहुंच रहा है।

B 1,2,3,4,5,6 विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए , भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुज्जर , लाभार्थी महिलाये संतोष , रीना , सुदेश और उषा रानी मीडिया से बातचीत करते हुए
V 1,2,3,4,5 कैथल जिला के गांव भूसला  में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यकम के दर्शया।

## भाजपा अध्यक्ष के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया / लालचंद नांगल चौधरी। भाजपा** अध्यक्ष जेपी नड्डा के जन्मदिन पर भाजपा नेता महेंद्र गुर्जर की अगुवाई में स्थानीय सरकारी अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला प्रमुख डा . राकेश कुमार ने किया ।

नारनौल से डा. विक्रांत के नेतृत्व में आई आठ डाक्टरों की टीम ने रक्तदाताओं को अपनी सेवाएं प्रदान की । महेंद्र गुर्जर ने इस मौके पर खुद भी रक्तदान किया तथा उनके साथ  युवाओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान करने में रुचि दिखाई और सभी के सहयोग से 75 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ ।  शिविर के उद्घाटन अवसर पर जिला प्रमुख राकेश कुमार ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व में भाजपा संगठन सरकार की हर योजना को जन जन तक पहुंचाने का काम कर रहा है। इस मौके पर महेंद्र गुर्जर ने कहा कि देश का युवा वर्ग पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के सरल स्वभाव और नेकनीयती का दीवाना हो चुका है।

आज जेपी नड्डा ने पार्टी को जिस मुकाम पर लाकर खड़ा किया यह सब उनके कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। इस मौके पर रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया। सफल रक्तदान शिविर आयोजित होने का श्रेय युवाओं को देते महेंद्र गुर्जर ने नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के युवाओं सहित डाक्टरों के कुशल मार्गदर्शन का आभार जताया।

## विधायक ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/ खरखौदा (सोनीपत)।**
**विकसित भारत** संकल्प यात्रा के तहत विडियों वैन शनिवार को सुबह रोहट और दोपहर बाद थाना खुर्द पहुंची, जहां गांव के लोगों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने बतौर मुख्यातिथि यात्रा के तहत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं को लेकर लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। विधायक ने कहा उपस्थित जनसमूह को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने की शपथ दिलवाते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए हर व्यक्ति के सहयोग की जरूरत है इसलिए



सभी मिलकर देश के उत्थान के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्ल के माध्यम से सरकार विकास की गारंटी के साथ आमजन तक पहुंचते हुए लोगों को और अधिक लाभान्वित कर रही है। विधायक ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा की मनोहर लाल सरकार देश-प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करते हुए हर आमजन के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को वरीयता दी, जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला भी कोई नहीं था। गरीब परिवारों का चूल्हा धुंआ-रहित हो, इसके लिए सरकार ने ह्यप्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनाह्ल के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन दिए हैं। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत गरीब परिवारों की 2 लाख 60 हजार बेटियों की शादी पर 71,000 रुपये तक शगुन दिया गया है। इस दौरान विडियों वैन में लगी एलईडी पर लघु फिल्म के तहत उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का संदेश व सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया कि पात्र व्यक्ति किस प्रकार इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

इस अवसर पर बैंक की स्टॉल, स्वास्थ्य जांच शिविर, हेल्प डेस्क, परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याओं का समाधान करने के लिए क्रिड हेल्प डेस्क, सीएससी स्टाल, पीएम उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री अंत्योदय उत्थान योजना, पीला राशन कार्ड व अन्य योजनाओं को लेकर लगाए गए हेल्प डेस्क पर लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया।

**कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती व स्प्रे करने समय ड्रोन प्रणाली के प्रयोग को लेकर किसानों को किया गया जागरूक:-**
कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग द्वारा किसानों को किसानों को फसलों में कीटनाशक का प्रयोग करने की बजाए प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कीटनाशक का प्रयोग फसलों को जहर बना रहा है। कृषि अधिकारियों ने किसानों को चेताया कि कृषि में बढ़ते रासायनिक खादों और दवाओं के उपयोग से फसलों और फिर इसका सीधा प्रतिकूल प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

## प्रबंधक व खजानची ने लोन की 35 लाख रुपये की राशि का किया गबन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** शास्त्री नगर स्थित बंधन बैंक के प्रबंधक व खजानची ने मिलकर लोन का आवेदन करने वाले आवेदको के खाते से 35 लाख 35 हजार 500 रुपये का गबन कर लिया। आरोप है कि प्रबंधक अशोक कुमार व देवेंद्र ने आवेदको से उनके अंगूठे लेकर उनकी लोन की राशि निकाल ली और कुछ आवेदको की आरोपियों ने किस्त भी जता कराई। जब आवेदको को उनके साथ हुई धोखधडी का पता चला तो उन्होने बैंक के उच्च अधिकारियो से इसकी शिकायत की। जिसके बाद उच्च अधिकारी अजय सिंह ने बैंक प्रबंधक अशोक कुमार व खजानची देवेंद्र के खिलाफ गन्नौर थाना पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत में अजय सिंह ने बताया कि उनका बैंक लोगो को उनकी जरुरते व व्यवसाय शुरू करने के लिए लोन देने का काम करता है। उनकी बैक की एक शाखा गन्नौर में है। जिसमें प्रबंधक अशोक कुमार व खजानची देवेंद्र कुमार को लगाया गया है। उनके बैंक में करीब 58 लोगो ने अपना जरुरते व व्यवसाय पूरा करने के कलए लोन के लिए अप्लाई किया था।

## कुरुक्षेत्र: गीता रन में सैकड़ों खिलाड़ी दौड़ने के लिए उत्साहित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)अतिरिक्त** उपायुक्त एवं केडीबी सीईओ अखिल पिलानी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 की ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में गीता रन से गतिविधियों को आगाज होगा। इस गीता रन का आयोजन 3 दिसंबर को सुबह 6 बजे ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग से किया जाएगा। इस गीता रन को विधायक सुभाष सुधा हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। इस गीता रन की तैयारियां जिला खेलकूद विभाग की तरफ से पूरी कर ली



गई है।एडीसी अखिल पिलानी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा पीढ़ी को महोत्सव के साथ जोड़ने के लिए गीता रन का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी महोत्सव 2023 की गतिविधियों की शुरूआत इस गीता रन के साथ हो जाएगी। इस गीता रन में पुरुष वर्ग के लिए 10 किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया गया है। यह दौड़ पुरुषोत्तमपुरा बाग से शुरू होगी और ब्रह्मसरोवर के दक्षिणी गेट, सब्जी मंडी चौक, ब्रह्मा चौक, शहीद उद्यम सिंह चौंक, जेसीआई चौक, नया बस स्टैंड, दयानंद चौक, गुरुद्वारा चौक, अर्जुन चौंक से होती हुई ब्रह्मसरोवर के उत्तर वाली दिशा में पुरुषोत्तमपुरा बाग में सम्पन्न होगी।

## नारनौल: जयसिंह सैनी बने आईएनएलडी पार्टी के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल ।एक जमाने** में इंडियन नेशनल लोकदल के जिला प्रधान रहे जयसिंह सैनी को चौधरी ओमप्रकाश चौटाला ने अब हाल ही में प्रदेश कार्यकारणी का विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त करते हुए यह संदेश दे दिया कि चौटाला परिवार वफादारों की कद्र करते हुए उचित मान सम्मान देने में कभी पीछे नहीं हटता। हाल ही में जारी हुई नई लिस्ट में जयसिंह सैनी का नाम आते ही नारनौल के पार्टी कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और पार्टी कार्यकताओं के अलावा क्षेत्र के लोग भी यह कहते देखे गए ।

## नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत युवाओं ने ली शपथ

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विश्व एड्स दिवस पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया।  इस वर्कशॉप में हरियाणा एड्स कंट्रोल सोसाईटी और लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल की टीम ने सहयोग किया।  इसमें हरियाणा एड्स कंट्रोल सोसायटी की टीम द्वारा एड्स पर एक नाटक के माध्यम से सभी को एचआईवी के बारे में जागरूक किया गया। डिप्टी सीएमओ डा. संदीप अग्रवाल, डॉ ध्यान सिंह द्वारा एचआईवी एड्स के लक्षण और बचाव के उपाय



बताए गए और कहा कि एचआईवी एडस की जांच कोई भी करवा सकता है और इसे गोपनीय रखा जाता है जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के माननीय सीजेएम एवं सचिव नितिन राज ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक रहें और समाज को भी जागरूक करें।

## खेल महाकुंभ में पदकों की छड़ी लगाने वाली छात्रा वंशिका को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने खेल महाकुंभ में पदकों की छड़ी लगाने वाली वंशिका  को सम्मानित किया और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि खेलने से व्यक्ति का शारीरिक विकास तो होता ही है लेकिन वह मानसिक रूप से भी स्वस्थ होता है। छात्रा ने खेल महाकुंभ में सात पदक लेकर तथा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतकर स्कूल में विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है निश्चित तौर पर यह छात्रा भविष्य में बहुत आगे जाएगी और अपने स्कूल, विश्वविद्यालय, प्रदेश व देश का नाम रोशन करेगी। गौरतलब है कि यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा वंशिका ने कुरुक्षेत्र में आयोजित प्रदेश स्तर महाकुंभ में साइकिलिंग स्पर्धा में सात पदक हासिल किए और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी प्राप्त किया।

इस अवसर पर स्कूल की वाइस चेयरपर्सन व छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शुचिस्मिता, स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंदर सिंह व शारीरिक शिक्षा की अध्यापिका शैलजा मौजूद थे। छात्रा की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रशासन व शिक्षकों ने उसे व उसके अभिभावकों को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खेल उत्सव में छात्रों को किया पुरस्कृत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**चाइल्ड केयर** इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा में वार्षिक खेल उत्सव के समापन पर पारितोषिक वितरण में खेड़ी गांव के सरपंच जगबीर व विशाल यादव ने विजेता छात्रों को आशीर्वाद देकर सम्मानित किया। स्कूल पहुंचने पर स्कूल के चेयरमैन अजय यादव ने सरपंच का स्वागत किया। बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कबड्डी में अनुराग व स्मृति हाउस सयुक्त रूप से प्रथम रहे, प्रगति और चेतना द्वितीय रहे। खो खो में भी दोनो ही हाउस अपनी अपनी पोजीशन पर रहे। रिले रेस में अनुराग प्रथम,चेतना हाउस द्वितीय और तृतीय स्मृति हाउस रहा। सभी बच्चो ने हाउस अनुसार अपने अपने हाउस





के लिए ताकत लगाई। अनुराग हाउस प्रथम, चेतना हाउस द्वितीय, स्मृति हाउस तृतीय प्रगति हाउस चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की की व्यवस्था सीनियर पीटीआई सुरेंद्र गलायन, नेंसी पीटीआई ने संभाली। सभी अध्यापकों ने अपने अपने हाउस की व्यवस्था ।भाली।वंश रोहिला बेस्ट ऑफ द ब्वॉय, खुशी धनकर बेस्ट ऑफ़ द गर्ल रही। अंशु ,भावना, लवली ,संगीता,गीता ,नीलम, पूनम, राखी, शशि,मनोज ह्योति,पूजा,मनजीत आदि सभी ने पूर्ण सहयोग किया।

# मिशन बुराइयां दूर करने में निभा रहा भूमिका:सीएम

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संत निरंकारी मिशन के नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम में की शिरकत, मुख्यमंत्री बोले नशा तस्करों की कमर तोड़ेगी सरकार, युवाओं का किया आह्वान, स्वयं के जीवन में कुछ बनने के साथ-साथ समाज के लिए काम करने का भी ले संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने कहा है कि प्रदेश सरकार के नशा रूपी सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने के प्रयास में संत निरंकारी मिशन अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार नशा तस्करों की कमर तोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह बात आज जिले के गांव भोड़वाल माजरी के पास जीटी रोड स्थित संत निरंकारी मिशन के आध्यात्मिक केंद्र में नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं एवं अन्य को सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर मिशन की प्रमुख सतगुरु सुदीक्षा जी महाराज भी मौजूद रही। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में उपस्थित युवाओं एवं अन्य को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने कहा कि





समाज में फैली बुराइयों को दूर करने में निरंकारी मिशन लगातार काम कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं में ऊंची उड़ान भरने का टारगेट रहता है। उन्हें हुनर व कौशल के माध्यम से प्रयास करना चाहिए। लक्ष्य हासिल ना होने पर कठिनायां शुरू हो जाती हैं, जो धीरे धीरे तनाव में तब्दील हो जाती है। इस स्थिति में गलत व्यक्तियो की संगति व नशे का सेवन उन्हें आगे बढ़ने से रोकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा रूपी बुराई विश्वव्यापी हो गयी है।

**समाज के सहयोग से ही मिट सकती है सामाजिक बुराई:** मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने अपने जन्मदिन पर 5 मई को सन्तों का आशीर्वाद लेकर प्रदेश को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक बुराई (नशा आदि) को सरकार केवल अपने स्तर पर खत्म नही कर सकती, इसके लिए समाज के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि नशा जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए नशा तस्करों की कमर तोड़ने में युवा सहयोग दें। उन्होंने कहा कि आप के पास नशा तस्करों के खिलाफ कोई सूचना हो तो तत्काल नार्कोटिकस कण्ट्रोल ब्यूरो को सूचना दें। सरकार नशा तस्करों के जाल को तोड़ने में कतई देर नही करेगी।

**सैकड़ों टन नशे की खेप को किया गया है नष्ट:** मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा तस्करों का जाल तोड़ते हुए हमारी सरकार ने अभी तक सैकड़ो टन नशे की खेप पकड़कर उसे नष्ट किया है। नशा तस्करों की सप्लाई चैन को तोड़ने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये नशा तस्कर न केवल पैसे के लालच में युवाओं को बर्बाद कर रहे है बल्कि आतंकवाद जैसी देश विरोधी गतिविधियों को भी बढ़ावा देने में संलिप्त रहते है। इसलिए इनकी कमर तोड़ना बेहद आवश्यक है जिसके लिए समाज के सहयोग की आवश्यकता है।

**दिशा से भटक चुके नौजवानों के साथ खड़े होकर दिखाए सही रास्ता:** मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने कहा कि किसी भी कारण से दिशा भटक कर नशे की लत का शिकार हुए युवाओं को नशे के दलदल से बचने के लिए उनके साथ खड़े होकर सही दिशा दिखाने की आवश्यकता है। यदि कोई युवा नशे का आदी हो गया हो तो उसे पुनर्वास केंद्रों के माध्यम से समाज का हर वर्ग सभी ऐसे युवाओं को सहयोग कर नशे की लत से बाहर लाएं।

# चंडीगढ़ : मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने युवाओं पर जताया भरोसा

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आने वाले 25 वर्षों में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में प्रदेश व देश की युवाशक्ति का महत्वपूर्ण योगदान होगा। मुख्यमंत्री शनिवार को यहां ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत अमृत काल के 4 स्तंभ (युवा शक्ति, नारी शक्ति, हमारे किसान, मध्यम एवं गरीब वर्ग) में से एक युवा शक्ति से संवाद रहे थे। इस अवसर पर लगभग 22,000 युवाओं ने राष्ट्र के भविष्य के पथ पर अपना दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के साथ चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल भी मौजूद रहे। समृद्ध और उन्नत भारत के व्यापक लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देने की युवाओं की क्षमता पर विश्वास व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं में आर्थिक विकास को गति देने की अपार शक्ति है। युवाओं की इस ताकत को सकारात्मक दिशा देने के लिए मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए ह्यमेक इन इंडियाह्य, ह्यस्किल इंडियाह्य, ह्यडिजिटल इंडियाह्य, ह्यस्टैंडअप इंडियाह्य, और ह्यस्टार्टअप इंडियाह्य जैसे अनेक कार्यक्रमों की सराहना की। ये कार्यक्रम युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने, स्वरोजगार के लिए हुनरमंद बनाने, डिजीटली दक्ष बनाने और अपना कारोबार शुरू करने में सक्षम बनाने में कारगर सिद्ध हो रहे हैं। युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगले 25 वर्षों के अमृत काल में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए हमें चार अमृत स्तंभों को और मजबूत करना होगा, जो हैं - हमारी युवा शक्ति, हमारी नारी शक्ति, हमारे किसान तथा मध्यम व गरीब वर्ग।

# गृहमंत्री अनिल विज के आवास पर लगा सैकड़ों फरियादियों का तांता

## कबूतरबाजी के कई मामले सामने आए, जिस पर गृह मंत्री अनिल विज ने एसआईटी को सौंपी जांच

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़**
हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का जनता दरबार आजकल नहीं लग रहा है, मगर उनके आवास पर प्रतिदिन प्रदेशभर से फरियादियों का तांता लग रहा है। शनिवार को सैकड़ों की संख्या में फरियादी न्याय की आस में गृह मंत्री अनिल विज के अम्बाला आवास पर अपनी फरियाद लेकर पहुंचे, जिन्हें गृह मंत्री ने सुना और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। करनाल से आए एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि एजेंट ने उसे अमेरिका भेजने का झांसा दिया था। वह जमींदार है और उसने अपनी जमीन गिरवी रखकर 75 लाख रुपए अलग-अलग दिनों में एजेंट को दिए। मगर इसके बाद एजेंट फरार हो गया और अब उसे पता चला कि एजेंट अमेरिका में चला गया है। इसी तरह, पंजाब के कपूरथला से आए व्यक्ति ने बताया कि अमेरिका भेजने के लिए एजेंट ने उससे 90 लाख रुपए मांगे थे और 55 लाख रुपए में बात तय हुई थी। उसने एजेंट को विभिन्न माध्यम से 55 लाख रुपए की राशि दी जिसके बाद एजेंट ने उसे




अमेरिका भेजने के बजाए तुर्की भेज दिया। इसके बाद एजेंट का फोन बंद हो गया और तुर्की से उसे डि-पोर्ट कर दिया गया। वहीं, करनाल निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसे अर्मेनिया भेजने का झांसा देकर एजेंट ने 3.25 लाख रूपए की धोखाधड़ी की जबकि नारायणगढ़ निवासी व्यक्ति ने उसे न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर 2 लाख ठगी के आरोप लगाए।

**गृह मंत्री अनिल विज ने हत्या के मामलों की जांच के लिए एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए:** गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष हत्या के कई मामले सामने आए जिन पर विभिन्न जिलों के एसपी को एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए। महेंद्रगढ़ से आए व्यक्ति ने कहा कि उसके भाई की हत्या के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। इसी तरह, कुरुक्षेत्र से आए परिवार ने बताया कि उनके बेटे की हत्या मामले में आरोपी पकड़े नहीं गए हैं और उलटा आरोपी अब उन्हें धमकियां दे रहे हैं। गृह मंत्री ने एसपी से इस मामले में एक्शन रिपोर्ट तलब करते हुए एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए। इसी तरह, सिरसा से आए बाजीगर समाज के लोगों ने युवक की हत्या के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने के आरोप लगाए। गृह मंत्री ने मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए।

# 'परिकल्पना को साकार करने में युवा शक्ति का होगा योगदान'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ दीपिक शर्मा/ काजल रानी**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आने वाले 25 वर्षों में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में प्रदेश व देश की युवाशक्ति का महत्वपूर्ण योगदान होगा। मुख्यमंत्री आज यहां ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत काल के 4 स्तंभ (युवा शक्ति, नारी शक्ति, हमारे किसान, मध्यम एवं गरीब वर्ग) में से एक युवा शक्ति से संवाद रहे थे। इस अवसर पर लगभग 22,000 युवाओं ने राष्ट्र के भविष्य के पथ पर अपना दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के साथ चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना,



जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल भी मौजूद रहे। समृद्ध और उन्नत भारत के व्यापक लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देने की युवाओं की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं में आर्थिक विकास को गति देने की अपार शक्ति है। युवाओं की इस ताकत को सकारात्मक दिशा देने के लिए मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए ह्यमेक इन इंडियाह्य, ह्यस्किल इंडियाह्य, ह्यडिजिटल इंडियाह्य, ह्यस्टैंडअप इंडियाह्य, और ह्यस्टार्टअप इंडियाह्य जैसे अनेक कार्यक्रमों की सराहना की। ये कार्यक्रम युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने, स्वरोजगार के लिए हुनरमंद बनाने, डिजीटली दक्ष बनाने और अपना कारोबार शुरू करने में सक्षम बनाने में कारगर सिद्ध हो रहे हैं।

युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगले 25 वर्षों के अमृत काल में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए हमें चार अमृत स्तंभों को और मजबूत करना होगा, जो हैं - हमारी युवा शक्ति, हमारी नारी शक्ति, हमारे किसान तथा मध्यम व गरीब वर्ग। हर वर्ग अपना दायित्व निभाएगा तो निश्चित रूप से 2047 तक हम विकसित राष्ट्र की श्रेणी में अग्रिम पंक्ति में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किया गया है।

# फसल के मुआवजे व खाद के लिए तरसे किसान : हुड्डा

**चंडीगढ़।** हरियाणा में किसान गन्ने के भुगतान, फसल खराबे के मुआवजे और खाद के लिए तरस रहे है। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एक बयान में किसानो की इस स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की है। हुड्डा ने पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि की वजह से फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि सरकार को तत्परता दिखाते हुए गिरदावरी शुरू कर देनी चाहिए थी। लेकिन किसानों द्वारा मांग किए जाने के बावजूद अब तक सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। इससे स्पष्ट है कि सरकार मुआवजा देने से बच रही है। पिछले 9 साल में इस सरकार का यहीं रवैया रहा है। पहले कई बार आई बाढ़ के साथ किसान मुआवजे का इंतजार कर रहे हैं।

# नागरिक अस्पताल में भेंट किया एसी

**टीम एक्शन इंडिया / नारनौल**
**नारनौल** के नागरिक अस्पताल में अनेक लोग अपने परिजनों की स्मृति में सामान भेंट कर रहे हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कंवर सिंह ने बताया कि सिटी बाजार के नितिन चौधरी ने अपने स्वर्गीय दादा रामनारायण चौधरी की स्मृति में एक एसी भेंट किया है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन से ऑपरेशन थिएटर का एसी खराब था। अब नितिन चौधरी,सिटी बाजार वालों ने अस्पताल में एक एसी भेंट कर सराहनीय कार्य किया है।

# हरियाणा में विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़**
पिछले 9 वर्षों से केंद्र सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों को सबसे पहले लागू करने वाले हरियाणा में विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा के प्रति लोगों का खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।
पहले दो दिनों में लगभग 85,000 लोगों ने इस यात्रा में भागीदारी की और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोगों तक पहुंचने और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई इस यात्रा से प्रत्येक नागरिक जुड़ाव महसूस कर रहा है।

# नरमा-कपास की समर्थन मूल्य पर खरीद जारी रखे सरकार: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में नरमा कपास के उचित भाव न मिलने के कारण किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। एक ओर जहां गुलाबी सुंडी से फसल बर्बाद हुई तो दूसरी ओर हालात ये है कि मंडी में नरमा का भाव 4000 से 5000 के बीच है बावजूद इसके इस भाव में भी आढ़ती खरीदने को तैयार नहीं है। प्रदेश की गठबंधन सरकार को नरमा कपास की खरीद सरकारी



एजेंसी से तब तक करनी चाहिए जब तक किसान के पास नरमा कपास है।
मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा को उत्तर भारत में प्रमुख कपास उत्पादक प्रदेश में गिना जाता है। इस प्रदेश के हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी और भिवानी जिले शामिल है जहां पर हरियाणा का लगभग 70 फीसदी कपास का उत्पादन होता है। इस बार नरमा कपास की 70 प्रतिशत फसल पर गुलाबी सुंडी का हमला हुआ। जिससे किसानों की उम्मीदों पर पानी ही फिर गया। नरमा की फसल तैयार करने के लिए किसानों को कड़ी मेहनत और भारी भरकम खर्च करना पड़ा बावजूद इसके कपास का उचित भाव नहीं मिलने के कारण किसान ठगा सा महसूस कर रहा हैं। इस समय कहने को बाजार में नरमा का भाव 4000 से 5000 के बीच है।

# जेजेपी 8 दिसंबर को करेगी सिरसा लोकसभा की नवसंकल्प रैली

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़**
जननायक जनता पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के तहत पांचवीं लोकसभा स्तरीय रैली आठ दिसंबर को करेगी। सिरसा लोकसभा में जेजेपी की नवसंकल्प के नाम से होने वाली यह रैली डबवाली हलके में होगी। इस रैली में जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता बतौर मुख्य वक्ता रैली को संबोधित करेंगे। जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने बताया कि जेजेपी की लोकसभा चुनावों की तैयारियों निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि जेजेपी अब तक सोनीपत,



फरीदाबाद, भिवानी-महेंद्रगढ़ व कुरुक्षेत्र में सफल रैलियों का आयोजन कर लोकसभा चुनाव तैयारियों में जुट गई है। निशान सिंह ने बताया कि इसी के तहत अब जेजेपी आठ दिसंबर को सिरसा लोकसभा की रैली डबवाली में करेगी। उन्होंने बताया कि इस रैली में बड़ी संख्या में सिरसा लोकसभा क्षेत्र से जेजेपी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व स्थानीय लोग हिस्सा लेंगे। सरदार निशान सिंह ने कहा कि रैली के जरिए पार्टी अपने संगठन की ताकत दिखाएगी और जेजेपी सिरसा में लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएगी। वहीं जेजेपी के प्रदेश कार्यालय सचिव रणधीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जेजेपी चार दिसंबर को सिरसा में एक महत्वपूर्ण बैठक करेगी। इस बैठक में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, सभी जिला अध्यक्ष, मंत्री, विधायक सहित कई वरिष्ठ नेता पार्टी के आगामी कार्यक्रमों, संगठन मजबूती आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करेंगे। साथ ही रणधीर ने बताया कि सिरसा लोकसभा की रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता सिरसा लोकसभा में गांव-गांव जाकर रैली का न्यौता देंगे। उन्होंने बताया कि जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला तीन दिसंबर को रानिया और ऐलनाबाद तथा छह दिसंबर को नरवाना और फतेहाबाद में जनसंपर्क करेंगे।

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा है आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available
- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध
- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच




आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे

DR RV SINGH (MBBS/ MS)

RVS EYE CENTER

Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre

BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606

MEDICAL FACILITIES AVAILABLE
ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

## न्यूज फ्लैश

### 40 लीटर नाजायज कच्ची शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना** असंध की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी बालकिशन पुत्र रईत वासी बंदराला को उसके प्लॉट में अवैध तरीके से कच्ची शराब बनाते हुए काबू किया गया। आरोपी के कब्जे से कैन में 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। आरोपी शराब बनाने का कोई लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना असंध में बिना लाइसेंस के अवैध तरीके से शराब बनाने पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को पेश न्यायालय कर आगे की कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी।

### लाल डोरा प्रोपर्टी धारकों के लिए विशेष अभियान 31 दिसंबर तकः अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त** अनीश यादव ने कहा कि स्वामित्व योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, यह सिर्फ कानूनी दस्तावेज देने की योजनाभर नहीं है, बल्कि यह आधुनिक तकनीकी से जिला के गांवों में विकास और विश्वास का नया मंत्र भी है।
उन्होंने योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा जिला करनाल सहित प्रदेशभर में लाल डोरा प्रोपर्टी धारकों के लिए 31 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अवधि में भू मालिक पोर्टल पर संपति का डाटा स्वयं सत्यापित करने व त्रुटि के निवारण के लिए आवेदन करें।
उपायुक्त ने आगे बताया कि यदि लाल डोरा स्थित ग्रामीण को उनके मकान का संपति कार्ड नहीं मिला है या पोर्टल पर विवरण उपलब्ध नहीं है तो वे अपना नाम, मोबाइल अथवा फोन नंबर, पूर्ण पता एवं विवरण सहित ह्रश्वश्चह्व4-ढ्डश्चह्न-ह्य1ड्ढद्बह्य1ड्ढ्ढव्द्दह्व4.दश1.द्गश्र पर ई - मेल करें।

### निसिंग में हुआ राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2023 का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला शिक्षा** एवं प्रशिक्षण संस्थान, शाहपुर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, निसिंग में राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2023 और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, प्योंत में राष्ट्रीय युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता 2023 के अंतर्गत खंड निसिंग द्वारा प्रस्तुतियां दी गई।
25 नवंबर को शुरु हुई प्रतियोगिता के अंतिम दिन समापन किया गया एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, शाहपुर (करनाल) से बृजेश वत्स ने प्रतिभागियों से बातचीत की एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बतलाया कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में बेहतर राजनैतिक सोच का विकास करना और उन्हें संसद और स्थानिय निकायों की कार्य प्रणाली से अवगत करवाना है।
प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे-जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घरौंडा ने प्रथम, शहीद पिंकू सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सलवान ने द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भैणी खुर्द ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीबीपुर जाटान ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्योंत ने द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाहरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों प्रतियोगिताओं में जिला स्तर पर प्रथम रही टीम अब कमिश्नरी स्तर पर भाग लेंगी। कमिश्नरी स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता की तिथियां विद्यालयों को जिला जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से सूचित करवाई जाएगी। करनाल कमिश्नरी के अंतर्गत चार जिले कमशः करनाल, कुरुक्षेत्र, कैथल और पानीपत शामिल हैं। कमिश्नरी स्तर पर विजेता टीम को आगे राज्य स्तर पर भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर डॉ. रुचिका ने निर्णायक की भूमिका निभाई और छात्र-छात्राओं को विषय वस्तु से संबंधित उनकी समझ बढ़ाने में योगदान दिया।

# मरीजों के लिये लाइफलाइन साबित हो रही आयुष्मान योजना: राणा

## सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठाएं पात्र लोग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा गत 9 वर्षों में समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए क्रियान्वित की जा रही है। योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने तथा इन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रहे पात्र व्यक्तियों को मौके पर लाभ देने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। यह यात्रा आगामी 25 जनवरी 2024 तक जारी रहेगी तथा जिला के सभी गांवों व शहर



के वार्डों में वैन के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। यह बात मुख्य अतिथि एवं भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने जिला के सदरपुर गांव में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कही। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वीडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से लोगों को संदेश सुनवाया गया। संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित जन संवाद के माध्यम से नागरिक राशन कार्ड, वोटर कार्ड, पेंशन बनवाने सहित अनेक योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।
जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। अगले 5 वर्ष तक केंद्र सरकार देश के 87 करोड़ गरीब लोगों को निःशुल्क अनाज उपलब्ध करवाकर उनके जीवन को सहज बनाने का काम करेगी। प्रदेश सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं को परिवार पहचान पत्र से जोडकर घर बैठे पेंशन बनवाने का काम किया गया है। अब तक प्रदेशभर में 1 लाख 82 हजार वृद्धों तथा 14 हजार दिव्यांगों को घर बैठे योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने 2750 रुपए पेंशन को बढ़ाकर 3 हजार रुपए कर दिया गया है।

# पुलिस टीम ने छात्रों को किया अपराध के बारे में जागरूक



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** पुलिस की टीम द्वारा डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में जाकर बच्चों को अपराध और यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। निरीक्षक दर्शन सिंह ने बच्चों को बताया कि आज के दौर में अपराध का जाल बुरी तरह फैल चुका है और हमें अपराधिक गतिविधियों से बचना है तो हमें अपराध के तरीकों के बारे में जागरूक होना अति आवश्यक है। टीम द्वारा बच्चों को अनजान व्यक्ति से सतर्क रहने को बताया गया और कहा गया कि कोई भी अनजान व्यक्ति अगर आपको किसी तरह का प्रलोभन देता है तो आपको उसके चंगुल में नहीं फंसना है, क्योंकि वह अपराधी किस्म का व्यक्ति हो सकता है, जो कि आपको अपना शिकार बना सकता है। पुलिस टीम द्वारा बच्चों को बताया गया कि अगर आपको अपने आसपास कोई अपराधी किस्म का व्यक्ति दिखता है तो आप तुरंत डॉयल 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दें।

# जीवन में पहला सुख निरोगी काया : दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**योग** गुरु दिनेश गुलाटी ने मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत संचालित योग कक्षा एलआईसी में पहुंचकर योगाभ्यास करवाया। जिस में उपस्थित योग साधकों ने सभी योग क्रियाएं कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कक्षा में शिक्षिकाएं राधिका भाटिया और कोमल कंबोज ने भी विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया। दिनेश गुलाटी ने साधकों को सर्वप्रथम यौगिक क्रियाएं और आसन का अभ्यास करवाया। उन्होंने प्राणायाम की विधिपूर्वक प्रशिक्षण दिया और बताया कि प्राणायाम से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। स्मरण शक्ति में सुधार होता है। रक्त का संचरण होता है योग के जरिए ना सिर्फ बीमारियों का निदान किया जा सकता है बल्कि इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक तकलीफों व व्याधियों को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि योग और प्राणायाम खुद को स्वस्थ रखने का सबसे बेहतर साधन है। और हमें प्रतिदिन योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में पहला सुख निरोगी काया है। यदि हम स्वस्थ होंगे तभी हम अपने परिवार और समाज को स्वस्थ कर पाएंगे। इसके लिए लोगों को अपनी सोच और मानसिकता बदलनी होगी और योग को प्राथमिकता देकर अपने दिनचर्या में शामिल करना होगा।

# भारतीय किसान यूनियन की हुई मासिक बैठक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **भारतीय** किसान यूनियन की मासिक बैठक किसान भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता किसान भवन के प्रभारी इनाम खान ने की। बैठक में मासिक लेखा-जोखा पेश किया गया और किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कृषि मंत्री जेपी दलाल द्वारा किसानों पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी की घोर निंदा की गई। बैठक के दौरान कृषि मंत्री व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। बैठक में किसान संगठन व खापों द्वारा लोहारू में कृषि मंत्री का बहिष्कार करने के निर्णय का स्वागत किया गया। बैठक में प्रेमचंद शाहपुर ने कहा कि कृषि मंत्री ने किसानों की बहन बेटियों के खिलाफ जो अशोभनीय टिप्पणी की है, जिससे समाज व किसानों संगठनों में भारी रोष है।

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाला काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना सदर** की टीम द्वारा आरोपी संजय पुत्र रघुबीर चंद वासी नजदीक अशोक डायरी अंबाला को जिला कोर्ट करनाल से प्रोडक्शन पर लेकर गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में शिकायतकर्ता अजय वासी घोगड़ीपुर फाटक करनाल और निशांत वासी कृष्णा कॉलोनी रोहतक द्वारा शिकायत दी गई कि आरोपी संजय और उसके बेटा आशीष वासी अंबाला ने प्रार्थीगणो को परिवार सहित अमेरिका भेजने के नाम पर करीब तीस लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। शिकायतकर्ता की मुलाकात आरोपियों से किसी जानकार के सहायता से मार्च 2023 में करनाल में हुई थीऔर



आरोपी ने शिकायतकर्ता अजय और निशांत को बताया कि वह बहुत से लोगों को विदेश में भेज चुका है, जो कि अच्छा पैसा कमा रहे हैं। इसी प्रकार शिकायतकर्ता ने भी परिवार सहित अमेरिका का टूरिस्ट वीजा लगवाने के लिए आरोपी से चालीस लाख में बात तय कर ली और आधे पैसे काम होने से पहले तय हो गया। इसी प्रकार शिकायतकर्ता अजय और निशांत ने आरोपी के खाते में और नगद कुल मिलाकर तीस लाख रुपए आरोपी को दे दिए। आरोपी ने शिकायतकर्ता के सभी कागजात ले लिए और तसल्ली दी कि अगर किसी कारणवश आपका काम नहीं होता है तो आपकी पेमेंट ब्याज सहित वापिस की जाएगी। परंतु दिए गए समय के बीत जाने के बाद आरोपियों ने फोन उठाने बंद कर दिए। आरोपियों के बारे में तहकीकात करने पर पता चला कि वे फ्रॉड किस्म के व्यक्ति हैं, जो कि लोगों से धोखाधड़ी से पैसे ऐंठने का काम करते हैं।

# सरकार का प्रयास, हर व्यक्ति को मिले मूलभूत सुविधाएं : रेनू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**तीसरे** दिन आज कुंजपुरा खंड के गांव नेवल पहुंचने पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार का प्रयास है समाज के हर व्यक्ति को मूलभूत सुविधायें हासिल हों। विशिष्ट अतिथि ईलम सिंह ने इस अवसर पर लोगों को 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।
महापौर ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 2047 तक



भारत एक विकसित राष्ट्र बने। इसके लिये हर व्यक्ति को निष्ठा व ईमानदारी से काम करना होगा। केंद्र व राज्य सरकार ने अनेक कल्याणकारी योजनायें आरंभ की है। सरकार का प्रयास है कि पंक्ति में अंतिम स्थान पर खड़े व्यक्ति को भी इन योजनाओं का लाभ मिले। मुख्यमंत्री मनोहर लाल जनसंवाद कार्यक्रमों के जरिये भी मौके पर ही लोगों की समस्याओं का हल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उज्जवला योजना के तहत घर-घर गैस सिलेंडर पहुंचाया जा रहा है। अब राज्य सरकार ने गरीब परिवारों की बेटियों के लिये प्राइवेट कालेजों में भी मुफ्त शिक्षा की घोषणा की है।
इससे पहले प्रचार वैन पर लगी एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विजन तथा हरियाणा सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित केन्द्रित लघु फिल्म दिखाई गई। लोक कलाकारों ने हरियाणा विकास संबंधी गीत प्रस्तुत किये।
इससे पहले सरपंच प्रतिनिधि ने हरपाल सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचने पर मेयर का स्वागत किया। इस मौके पर मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत कैंसर पीड़ित पिंकू ने अपने अनुभव साझा किया। पिंकी प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी हैं। मुख्य अतिथि ने पिंकी के अलावा फसल अवशेष प्रबंधन में दूसरे किसानों को जागरूक करने वाले रणजीत को भी सम्मानित किया। उन्होंने बॉडी बिल्डर अंकित मचल तथा ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली छात्रा क्रमशः रिया, अर्चना व गुंजन को सम्मानित किया। टीबी मरीज बलवान, अंग्रेज सिंह व कटार सिंह को एडीएम अनुभव मेहता ने पौष्टिक आहार किट वितरित की। आठवीं कक्षा की मेधावी छात्रा काम्या को भी पुरस्कृत किया गया है।

# एसीबी ने हैफेड के जीएम, प्रबंधक और अकाउंटेंट को रिश्वत लेते हुए पकड़ा




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** कस्बा तरावड़ी में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हैफेड के जीएम, प्रबंधक और अकाउंटेंट को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से 12.50 लाख रुपए बरामद हुए हैं। आरोप है कि 36.50 लाख का बिल पास करने के लिए साढ़े 12 लाख की रिश्वत मांगी थी। एसीबी ने तीनों आरोपियों को गहन पूछताछ के लिए आज कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लेगी, ताकि मामले में शामिल अन्य को भी गिरफ्तार किया जा सके। एंटी करप्शन ब्यूरो के मुताबिक हैफेड (तरावड़ी) के जीएम प्रदीप को साढ़े 3 लाख लेते रंगे हाथ पकड़ा है। उसकी निजी कार से 5.46 लाख, अकाउंटेंट अजय से 1.10 लाख और मैनेजर धर्मबीर की कार से 2.46 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। तीनों आरोपियों ने 36.50 लाख रुपए के पेंडिंग बिल पास करने के लिए साढ़े 12 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। उल्लेखनीय है कि एसीबीकी टीम को तरावड़ी क्षेत्र से सूचना मिली कि हैफेड के जीएम प्रदीप, प्रबंधक धर्मबीर और आउटसोर्सिंग पर कार्यरत अकाउंटेंट उनसे लंबित बिल पास करने के लिए रिश्वत मांग रहे हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनके कुल 36 लाख 50 हजार रुपए के बिल पेंडिंग हैं।

# एक महिला सहित तीन पीओ अपराधी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला पुलिस** द्वारा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देश अनुसार जिला में पीओ बेल जंपर को पकड़े का विशेष अभियान चलाया हुआ है। इन्हीं निर्देशोनुसार कार्य करते हुए जिला पुलिस की अलग-अलग टीमों ने तीन पीओ अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, जिनको आज न्यायालय में पेश किया गया। जिला पुलिस के सभी थानों और पीओ स्टाफ की टीम द्वारा प्रतिदिन पीओ-बेल जंपर अपराधियों को पकड़ा जा रहा है। 30 नवंबर को करनाल पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा अदालत के आदेशों की उलंघना करने वाले तीन पीओ आरोपी सरोज रानी पत्नी राजिंद्र वासी अशोक विहार कॉलोनी मधुबन, राजू पुत्र श्यामलाल वासी गामड़ी और अनिल कुमार पुत्र जसवंत सिंह वासी काछवा करनाल को गिरफ्तार किया गया।

# 'हर पात्र लाभार्थी तक पहुंच रही केन्द्र व राज्य सरकार'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**देश** को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। इसमें आम जन की भूमिका सबसे अहम है। यह बात आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा के प्रधान सचिव देवेन्द्र कल्याण ने गांव कुटेल में विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लेते हुए उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई स्टॉलों का अवलोकन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से शुरू किया गया देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करेगा। आज नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे बल्कि मोदी-मनोहर सरकार लाभार्थियों के घर द्वार पर खुद पहुंच रही है। आज भारत देश हथियार, पनडुब्बियां जहाज बनाने में आत्मनिर्भर हो गया है। यह सब प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है। इस दौरान हरियाणा पिछड़ा वर्ग कल्याण बोर्ड की चेयरमैन निर्मला देवी ने उपस्थित जनसमूह को संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई।
नीलोखेड़ी से पूर्व विधायक भगवानदास कबीर पंथी ने कहा कि इस अभियान के तहत सरकार की जनकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# चौहान ने दिलाई भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला के** गांव टीकरी के लोगों ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर शपथ ली कि वे भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को उखाड़ फेंकेंगे, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करते हुवे नागरिक होने का कत्र्तव्यनिभायेंगे। ग्रामीणों को यह शपथ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता वीरेंद्र चौहान ने दिलाई। इससे पूर्व गांव में पहुंचने पर वीरेंद्र चौहान का पंचायत की ओर से पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर वीडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश व



प्रदेश के विकास कार्यों से जुड़ी लघु फिल्म दिखाई गई। मुख्य अतिथि ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टाल्स का अवलोकन किया और योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे लोगों से बातचीत की। सरकार की नीतियों की सराहना चौहान ने इस मौके पर कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद बुजुर्गों को पैंशन के लिये धक्के नहीं खाने पड़ते। साठ वर्ष के होते हुये परिवार पहचान पत्र में दर्ज ब्यौरे के आधार पर पैंशन प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है। अब तक एक लाख 80 हजार पात्र लोगों की पैंशन बिना कोई प्रार्थना पत्र लिये आरंभ की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब पात्र लोग पैंशन के लिये दफ्तरों के चक्कर काटते थे और अपात्रों की बुढ़ापा/दिव्यांग पैंशन बना दी जाती थी।
मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उस पुरानी व्यवस्था को बदला है। प्रदेश प्रवक्ता ने नौकरियों को लेकर भी 2014 से पहले की सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले जात-पात, जिला व धन के आधार नौकरियां दी जाती थीं पर अब मेरिट के आधार पर प्रतिभावान युवाओं को मिलती हैं।
उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के 5800 गांवों में 24 घंटे बिजली दी जा रही है। उम्मीद है लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश के बाकी बचे अन्य गांवों में भी 24 घंटे आपूर्ति हो सकेगी। हर घर नल से जल पहुंचाने का जिक्र करते हुये कहा कि अब सरकार ने डेरों व ढाणियों में भी पानी पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बीमार होने पर पहले गरीबों की चिंता करने वाला कोई नहीं था। आज आयुष्मान भारत व चिरायु हरियाणा योजना के तहत 5 लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

# शिक्षा के साथ-साथ बेटियों के लिए दस्तकारी का ज्ञान होना बेहद जरूरी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **मानवता** जन शक्ति फाउंडेशन की ओर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गांव मोहदीनपुर में चलाए गए सिलाई कढ़ाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र में प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में फाउंडेशन की ओर से प्रशिक्षण ले रही महिलाओं लड़कियों को प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल मानवता जन शक्ति फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा ने कहा कि उनकी संस्था द्वारा पहले भी सिलाई कढ़ाई व ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। फाउंडेशन अपने खर्च पर ही प्रशिक्षण दे रही है। आगे भी लड़कियों महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाता रहेगा, ताकि वे स्वयं रोजगार हासिल कर सकें। इस मौके पर सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही लड़कियों का पहले लिखित और बाद में मौखिक टेस्ट भी लिया गया। सेंटर की ट्रेनर वंदना नागपाल, सीमा पासवान ने टेस्ट लिए और बाद में उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।
हरदीप राणा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बेटियों के लिए दस्तकारी का ज्ञान होना बेहद जरूरी है। परिवार की आर्थिक स्थिति को बनाए रखने में महिला की अहम भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निशुल्क सिलाई, कढ़ाई व ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण लेने के बाद लड़कियां व महिलाएं स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकती हैं। इस अवसर पर वंदना नागपाल, सीमा पासवान, अरविंद कुमार, डिम्पल गोयल, स्नेहा राणा, रेखा, सुमन कुमारी और रश्मि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# समलैंगिक जज्बातों को तानों की नहीं,समर्थन की है दरकार

**भावनाएं** और अनुभूतियां जीवन को सार्थक बनाती हैं, और यह भी सत्य है कि वित्तीय समृद्धि के बावजूद हम सब अपनी भावनाओं से जुड़े हुए रहते हैं । हम सब अपने दर्द को तो बखूबी समझते हैं, किन्तु दूसरों के दर्द को सिर्फ देख सकते हैं और अगर उनकी जज्बाती स्थिति को समझ पाते हैं तो उनके साथ बातचीत करने का ही प्रयास कर सकते हैं। हमें दूसरों के भावनाओं का समर्थन करना चाहिए, क्योंकि दूसरों के दर्द को सिर्फ देखना ही काफी नहीं है, बल्कि हमें उनके साथ मिलकर उनका समर्थन करना चाहिए। जीवन से हमें हर पल नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, और यही हमें मजबूत बनाता है। भावनाओं का आना-जाना, खुशियों और दुःख का सामंजस्य, ये सभी जीवन का हिस्सा हैं। जीवन में समय के साथ-साथ विभिन्न परिवर्तन होते रहते हैं, और इन परिवर्तनों का हमारे भावनाओं और दृष्टिकोण पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। जीवन का संतुलन सिर्फ आर्थिक प्रस्तुतिकरण से ही नहीं होता, बल्कि मानवीय संबंध और भावनाओं का सही संतुलन बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है। भावनाएं हमारे जीवन को समृद्धि और सुख-शांति से भर देती हैं। हमें दूसरों के साथ समदृष्टि बनाए रखना चाहिए और उनका समर्थन करना चाहिए, क्योंकि समर्थन और सहानुभूति हमें एक-दूसरे के साथ मिलकर आगे बढ़ने में मदद करती हैं। जीवन के सभी पहलुओं को स्वीकार करके, चुनौतियों का सामना करके, हम अपने आत्म विकास में मजबूत हो सकते हैं। आज के सामाजिक परिवेश में समलैंगिकता पर समर्थन और विपक्ष दोनों तरह के विचार एक चुनौती बने हुए हैं । आज एल जी बी टी समुदाय समाज के अन्य वर्ग से मिल रहे कथित उपेक्षा के फलस्वरूप अपने हकों की आवाज को बुलंद कर एक जुट हो रहा है । किसी समय ये भावनाएं, बेशक जिंदा थी किन्तु खुले तौर पर इनका व्यापक पैमाने पर प्रदर्शन नहीं होता था । किन्तु आज खुलकर लोग सामने आ रहे है और फिर वाहे लोग नफरत का पात्र भी बन रहे हैं । समाज का एक बड़े वर्ग के प्रति नफरत का भाव रखना स्वस्थ समाज का संकेत नहीं है । आज समय की मांग है यदि कोई व्यक्ति परस्पर जीवन व्यतीत करना चाहता है तो उस पर खुले तौर पर स्वस्थ मानसिकता से बहस होनी चाहिए । वैसे भी एलजीबीटी समुदाय तर्क देता है कि जीवन उनका है और उन्हें ही इसे जीने का अपने ढंग से हक मिलना चाहिए। बात तो कुछ हद तक सही है किन्तु नैतिक और अनैतिकता की बारीक दीवार जिसने हमारे सामाजिक ताने बाने को बाँध कर रखा हुआ है वह भी नहीं नष्ट नहीं होनी चाहिए अन्यथा अराजकता का माहौल बनने में समय नहीं लगेगा। समलैंगिक भावनाएं और उनको समझना सामाजिक सद्भावना और सहानुभूति की दिशा में महत्वपूर्ण है। धार्मिक परंपराओं और सामाजिक दबाव में अवश्य अपनी भावनाओं को कुछ समय तक दबा सकता है किन्तु वह स्थाई नहीं हो सकता धार्मिक धाराओं और सांस्कृतिक मूल्यों के कारण, व्यक्ति अपनी समलैंगिक भावनाओं को छुपा सकता है या उन्हें स्वीकार करने में कठिनाई महसूस कर सकता है। कहावत है कि भाव बदल सकते है किन्तु किसी का स्वभाव नहीं बदल सकता । विधाता ने जैसा इंसान को बनाया है उसमें वैसा ही स्वभाव विद्यमान रह सकता है। ध्यानपूर्वक और सहानुभूतिपूर्वक धार्मिक परंपराओं को समझकर, लोग इसे समझ सकते हैं और उनके संदर्भ में सहानुभूति पूर्वक समाधान का रास्ता निकाल सकते हैं। जीवन में खुशी और गम दोनों ही होते हैं, और यही जीवन का सत्य है।

# सांप के जहर का अरबों का व्यापार



वीरेंद्र बहादुर सिंह

> “नशा करने के लिए जहर उपलब्ध कराने के लिए अनेक खतरनाक और संगठित गिरोह इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। कुछ समय पहले थाणे शहर की पुलिस ने दो लोगों को तीन मिलीग्राम सांप के जहर के साथ पकड़ा था। इस तीन मिलीग्राम सांप के जहर की बाजार में कीमत एक लाख बीस हजार रुपए है। थाणे जिला सांप के जहर के सौदागरों के लिए मुख्य अड्डा बन गया है। इसके दो कारण हैं। एक तो यहां धनाढ्यों की संख्या अधिक है, दूसरे थाणे के जंगलों में अनेक जहरीले सांप रहते हैं। जिसकी वजह से यहां सांप के जहर का व्यापार फलफूल रहा है। अब तक पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई में लगभग एक किलोग्राम सांप का जहर जब्त किया है। बाजार में इसकी कीमत लगभग चार करोड़ रुपए है। यह जाल केवल देश में ही नहीं, विदेशों में भी फैला है। यह धंधा पूरे देश में खास कर दक्षिण के राज्यों में सांप के जहर की तस्करी होती है”

**देश** की राजधानी दिल्ली में तरह-तरह के उल्टे-सीधे धंधे होते हैं। अपराध का एक भी ऐसा तरीका नहीं है, जो भारत की राजनानी में न होता हो। नवंबर महीने के पहले सप्ताह में सांप के जहर को पार्टीड्रग के रूप में बेचने के गोरखधंधे का खुलासा हुआ है। भाजपा सांसद मेनका गांधी की संस्था पीपल फार एनिमल्स (पीएफए) के प्रयास से यह भांडा फूटा है। पता चला कि नोएडा में एक जगह रेव पार्टी का आयोजन किया गया था, जिसमें सांप के जहर से किक लेने के लिए देश-विदेश के युवक-युवतियां आई थीं।

इस पार्टी पर अचानक छापा मार कर पुलिस ने आयोजकों के पास से 22 मिलीग्राम जहर तथा कोबरा सहित कुल 9 तरह के सांप बरामद किए हैं।कहा जाता है कि इस संपूर्ण विवाद में बिगबौस विजेता एल्विस यादव का नाम आया है। वैसे तो नशाखोर नशा करने के लिए अनेक नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं। अब इसमें सांप का नशा भी शामिल हो गया है। पिछले तीन चार सालों में इसका क्रेज और मात्रा काफी बढ़ी है। नशा करने के लिए जहर उपलब्ध कराने के लिए अनेक खतरनाक और संगठित गिरोह इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। कुछ समय पहले थाणे शहर की पुलिस ने दो लोगों को तीन मिलीग्राम सांप के जहर के साथ पकड़ा था। इस तीन मिलीग्राम सांप के जहर की बाजार में कीमत एक लाख बीस हजार रुपए है। थाणे जिला सांप के जहर के सौदागरों के लिए मुख्य अड्डा बन गया है। इसके दो कारण हैं। एक तो यहां धनाढ्यों की संख्या अधिक है, दूसरे थाणे के जंगलों में अनेक जहरीले सांप रहते हैं। जिसकी वजह से यहां सांप के जहर का व्यापार फलफूल रहा है। अब तक पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई में लगभग एक किलोग्राम सांप का जहर जब्त किया है। बाजार में इसकी कीमत लगभग चार करोड़ रुपए है। यह जाल केवल देश में ही नहीं, विदेशों में भी फैला है। यह धंधा पूरे देश में खास कर दक्षिण के राज्यों में सांप के जहर की तस्करी होती है। जानकार सूत्रों के अनुसार केवल महाराष्ट्र में सांप के जहर का कारोबार सौ करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इससे पूरे देश में फैले इस जहरीले कारोबार का अंदाजा लगाया जा सकता है।

महाराष्ट्र के जंगलों में जहरीले सांपों और नागों को खोज कर पकड़ा जाता है और उनका जहर निकाल कर मुंबई तक लाने में सैकड़ो लोग शामिल हैं। महाराष्ट्र में विशेष कर पश्चिमी महाराष्ट्र के सांगली, सतारा, कोल्हापुर, सोलापुर, पुणे और अहमदनगर जहर के इस कारोबार के मुख्य अड्डा हैं। तस्करी के इस कारोबार को अगर जल्दी नहीं रोका गया तो एक दिन बाघ की तरह जहरीले नागों का भी अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। भारत में नाग की लगभग पंद्रह सौ प्रजातियां पाई जाती हैं। अकेले महाराष्ट्र में ही लगभग 60 तरह के नाग पाए जाते हैं। इनमें लगभग आधा दर्जन नाग जहरीले होते हैं। ऊनमें भी कोबरा, मणियार, घोणस और कुरसा जाति के नाम ही अत्यंत जहरीले होते हैं। सामान्य रूप से कोबरा में से 120 से 125 मिलीग्राम, घोड़स से 70 से 80 मिलीग्राम, मड़ियार से 8 से 10 मिलीग्राम और कुरसा से 25 से 30 मिलीग्राम जहर एक बार में निकलता है।

पार्टी ड्रग के रूप में उपयोग में लाने के लिए सांप के जहर को हल्का करने के लिए एक प्रक्रिया से गुजारा जाता है। जिसे पाउडर या गोली के रूप में क्लबों-पार्टी में ड्रिंक्स के साथ मिला कर दिया जाता है। रेव पार्टी सर्कल में किंग कोबरा का जहर के-76 कोड नाम से जाना जाता है। इस आधे लीटर के-76 जहर की कीमत एक करोड़ रुपए होती है। नशा करने वालों में सांप के जहर की बड़ी मांग होती है। सूत्रों के अनुसार जहर को सुई की नोक पर एकदम छोटी बूंद लगा कर सिगरेट पर रख कर कश लिया जाता है। एक नशेड़ी के बताए अनुसार इसका नशा चरस, हेरोइन, मारीजुआना और अफीम आदि नशीले पदार्थों से भी कई गुना अधिक होता है। नाग के जहर का कश लगाने के बाद इसका नशा कम से कम आठ से दस घंटे तक रहता है।नशा करने के अलावा किसी की हत्या करने में भी इस जहर का दुरुपयोग होता है।

सांप का जहर निकालने और इकट्ठा करने के लिए नियमानुसार वनविभाग की लिखित अनुमति जरूरी है। मात्र दो चार संस्थाओं के पास ही इसकी अनुमति है। सांप का जहर निकालने की भी वैज्ञानिक पद्धति है। शून्य से नीचे के तापमान में इस जहर को सुरक्षित रखना पड़ता है। गैरक्नूनी रूप से सांप का जहर निकालने वाले लोग इन सब प्रक्रियाओं की बहुत परवाह नहीं करते। ये सांप को निर्दयता से पकड़ कर उसी तरह सांप को निर्दयता से अधमरा कर के उसका पूरा जहर निकाल कर छोड़ देते हैं। कभी कभी तो नाग को मार कर उसका मुंह फाड़ कर उसकी जहर की पूरी थैली ही निकाल लेते हैं। नाग जितना अधिक जहरीला, उतनी अधिक उसकी कीमत। जहर के बाजार में आज सब से अधिक कीमत मड़ियार और कुरसा नाग के जहर की है। इनके एक मिलीग्राम जहर की न्यूनतम कीमत एक लाख रुपए से अधिक है। जबकि कोबरा और घोड़ास प्रजाति के सांप के एक मिलीग्राम जहर की कीमत चालीस हजार से साठ हजार रुपए है। इस कीमत में मांग और सप्लाई के हिसाब से घट बढ़ होती रहती है।

जहर को शून्यांक नीचे के तापमान में न रखने से इसकी गुणवत्ता खराब हो जाती है है और यह औषधीय उपयोग लायक नहीं रहता। तब तस्कर इस जहर को नशेबाजों के बीच पहुंचा देते हैं। क्योंकि दवा कंपनियां इसे नहीं लेतीं। तस्कर कभी-कभार इसमें मिलावट भी कर देते हैं। यह मिलावट वाला जहर सस्ता होता है और शुद्ध जहर (कांस्ट्रेट) ऊंचे दाम पर बिकता है। मनुष्य एक ऐसा अधम प्राणी है, जो सांप के जहर की अच्छी-खराब दोनों क्वालिटी को पचा जाती है। सांप के जहर का उपयोग नशे के लिए होता है। उसी तरह स्नैकवेनम (सांप का जहर) का उपयोग जीवनरक्षक दवा बनाने के लिए होता है। चलिए इस बारे में थोड़ा विस्तार से बात करते हैं।

जब कहीं सांप का उल्लेख होता है तो युगों से चली आ रही सांप की छाप के कारण हम सभी के मन में सांप के प्रति घृणास्पद और अधम प्राणी होने का विचार आता है। माना जाता है कि सांप कपटी, धोखेबाज और दुश्मन है। हर्पेटोलॉजी विज्ञान (प्राणीशास्त्र की शाखा, जिसमें पेट से चलने प्राणियों और उभयचर के बारे में अध्ययन किया जाता है) द्वारा पिछले दशकों में किए गए शोध द्वारा पेट से चलने वाले प्राणियों का भौगोलिक विभाजन, उनके जीवन और रीतिभांत के बारे में जानकारी दी गई है। खास कर बिना किसी अपवाद के सभी सर्प जहलीले होते हैं, इस मान्यता को गलत साबित किया गया है। मानवजति से परिचित सर्प की ऐसी 2500 प्रजातियों में से मात्र 412 प्रजातियां यानी कि पांचवें भाग से भी कम जहरीली हैं। शरीर में फुर्ती और ताकत लाने के लिए आप से कोई सुबह सांप खाने के लिए कहे तो आप को कैसा लगेगा? आप को विश्वास नहीं होगा, लेकिन टानिक प्रेमी सिउल निवासी (दक्षिण कोरिया) के लोग रोजाना रेस्टोरेंट में जा कर लगभग 30 लाख सांप खा जाते हैं। वहां ऐसे तमाम रेस्टोरेंट हैं, जिनमें केवल सांप का सूप मिलता है।इस सूप को वहां की स्थानीय भाषा में वॉन टोन और बेम टांग कहा जाता है। ऐसा नहीं है कि सांप का जहर केवल शारीरिक फुर्ती पाने के लिए ही है। हृदय रोग के अक्सीर इलाज के लिए भी सांप का जहर उपयोगी साबित हुआ है। इसके लिए दुनिया के अनेक देशों में शोध हो रहे हैं। इस तरह का प्रयोग दिल्ली के हार्डिंग मेडिकल कालेज में भी चल रहा है। इस कालेज में चूहों को सांप का जहर देने से जो परिणाम देखने को मिला है, उससे यही लगता है कि हृदय रोग की अक्सीर दवा अब जल्दी ही मिल जाएगी। इस कालेज का शोध करने वाला एक समूह अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस में अभी जल्दी ही ऐसा निष्कर्ष प्रस्तुत किया है कि चूहों के हृदय के काम को कृत्रिम रूप से रोक कर उन्हें सांप के जहर का इंजेक्शन दिया गया तो वह फिर से काम करने लगा। शोध करने वाले समूह द्वारा शोध पत्र पेश करने में मदद करने वाले प्रोफेसर आफ मेडिसिन डा.एम पी श्रीवास्तव ने बताया था कि ससला, मेढक और शुअर के हृदय की तकलीफें डीजीटालीस नाग के द्रव्य से जितनी असरकारक रूप से दूर की जा सकती हैं, उतनी ही असरकारक रूप से चूहे के हृदय की तकलीफ सांप के जहर से दूर की जा सकती है।

## कविता

उजालों से तअल्लुक जोड़ कर
आहिस्ता आहिस्ता
कमन्दें डालूँ गा मैं चाँद पर आहिस्ता
आहिस्ता
बनो गे तुम मेरे इक दिन मगर आहिस्ता
आहिस्ता
दुआओं में मेरी होगा असर आहिस्ता
आहिस्ता
मोहब्बत का मेरे रश्के – कमर आहिस्ता
आहिस्ता
तेरे इस दिल पे भी होगा असर आहिस्ता
आहिस्ता
उन्हें देखा था हम ने बस उचटती सी निगाहों
से
मगर वो कर रहे हैं दिल में घर आहिस्ता
आहिस्ता
मयस्सर इक मुअत्तर फूल की मुझ को रफाकत
है
मेरा जारी है खुशबू का सफर आहिस्ता
आहिस्ता
निखर आया है धीरे धीरे तेरा हुस्ने – दिलकश ,
अब
मोहब्बत से भी ऐ जानाँ सँवर आहिस्ता
आहिस्ता

**जकी तारिक बाराबंकी**

# भोपाल मध्यप्रदेश के लोगों को 3 दिसंबर की तारीख कभी नहीं भूलेगी

**आज** यानी 3 दिसम्बर को 4 राज्यों के साथ भोपाल मध्यप्रदेश के भी विधानसभा चुनाव के परिणाम आना शुरू हो जाएंगे । अब सभी पार्टियों के उम्मीदवारों के साथ उनके समर्थक 3 दिसंबर का इंतजार कर रहे थे । लेकिन इसे भोपाल मध्यप्रदेश का बड़ा दुर्भाग्य कहें कि जिस 3 दिसंबर को चुनाव परिणाम आ रहे है वह 3 दिसंबर भोपाल मध्यप्रदेश के इतिहास में सबसे खतरनाक दुखद और काला दिवस कहलाता है । 3 दिसंबर को हुई भोपाल गैस त्रासदी दुनिया की सबसे बड़ी त्रासदी में गिनी जाती है ।अगर उसके टक्कर की बात की जाए तो रूस में चेर्नोबिल नुक्लिअर डिजास्टर हुआ था लेकिन वह भोपाल गैस त्रासदी के सामने कुछ नहीं था। इस गैस तांडव ने हजारों लोगों को मौत की नींद में सुला दिया था व कई हजार लोग आज भी इस त्रासदी को भोग रहे जिसका पूरा विवरण हम लेख में आगे करेंगे । इसीलिए निर्वाचन आयोग के पास एक अर्जी पहुंची थी जिस अर्जी में भोपाल के चार प्रत्याशियों द्वारा चुनाव आयोग अपनी अर्जी में बताया कि था तीन दिसंबर 1984 को भोपाल में गैस त्रासदी हुई थी। इस त्रासदी में हजारों लोगों की मौत हुई थी। अब तीन दिसंबर को ही मतों की गणना है, जीतने वाले प्रत्याशी जश्न मनाएंगे, ढोल नगाड़े बजेंगे। इससे मृतक आत्माओं को कष्ट पहुंचेगा, इसलिए भोपाल की मतगणना किसी और दिन कराई जाए। पर इसे विडम्बना ही ही कहा जाएगा कि मतगणना तय तिथी 3 दिसम्बर को ही हो रही है । हर जीत वाले उम्मीदवार शायद इस तारीख को भूल जाए पर भोपाल के लोग इस तारीख को कभी नहीं भूलेंगे । घटनाक्रम के अनुसार 2 दिसंबर 1984 की मध्य रात से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की हवा जहरीली हो रही थी। रात होते ही और 3 तारीख लगते ही ये हवा जहरीली तो रही, लेकिन साथ ही जानलेवा भी हो गई। कारण था यूनियन कार्बाइड की फैक्ट्री से मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का लीक होना।गैस के लीक होने की वजह थी टैंक नंबर 610 में जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का पानी से मिल जाना। इससे टैंक में दबाव बन गया और वो खुल गया। फिर इससे निकली वो गैस, जिसने हजारों की जान ले ली और लाखों को विकलांग बना दिया, जिसका दंश आज भी दिखाई पड़ता है।2-3 दिसंबर की रात भोपाल के लिए वो रात थी जब हवा में मौत बह रही थी। फैक्ट्री के पास ही झुग्गी-बस्ती बनी थी, जहां काम की तलाश में दूर-दराज गांव से आकर लोग रह रहे थे। इन झुग्गी-बस्तियों में रह रहे कुछ लोगों को तो नींद में ही मौत आ गई। जब गैस धीरे-धीरे लोगों को घरों में घुसने लगी, तो लोग घबराकर बाहर आए, लेकिन यहां तो हालात और भी ज्यादा खराब थे।

## विचार

# दृष्टिकोण युवाओं को नए कौशल से लैस करना

विजय गर्ग

**युवाओं को कुशल बनाने के लिए परिवर्तनकारी** दृष्टिकोण अपनाकर, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि वे न केवल आगे बढ़ें बल्कि हमें अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर भी ले जाएं। तेजी से विकास और निरंतर परिवर्तन से चिह्नित दुनिया में, हमारे युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने के महत्व को पहचानना अनिवार्य है। जैसा कि संयुक्त राष्ट्र ने रेखांकित किया है, 10 से 24 वर्ष की आयु के 1.8 बिलियन से अधिक व्यक्तियों के साथ, इस जनसांख्यिकीय की प्रगति और परिवर्तन को आगे बढ़ाने की क्षमता बहुत अधिक है। लेकिन लगातार उतार-चढ़ाव वाले नौकरी बाजार में उनके सामने आने वाली चुनौतियों को स्वीकार करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। आंकड़े खुलासा कर रहे हैं: शिक्षा आयोग और यूनिसेफ के अनुमान के अनुसार, 92 देशों में, 15-24 आयु वर्ग के लगभग चार में से तीन युवाओं के पास रोजगार के लिए आवश्यक उभरते कौशल की कमी है। यह चुनौती विशेष रूप से विकासशील देशों में स्पष्ट है जहां शिक्षा और संसाधनों तक पहुंच सीमित हो सकती है। यह स्पष्ट असमानता हमारे युवाओं को ऐसे कौशल प्रदान करने की तात्कालिकता को रेखांकित करती है जो न केवल प्रासंगिक हैं बल्कि अनुकूलनीय, सीमाओं को पार करने वाले और सशक्त बनाने वाले भी हैं। आइए भारत पर विचार करें, सूचना और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में विशाल प्रतिभा वाला देश। भारत में वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े आईटी निर्यातकों में से एक के रूप में अपनी भूमिका से आगे बढ़ते हुए, प्रौद्योगिकी और नवाचार का केंद्र बनने की क्षमता है। हालाँकि, केवल नए कौशल प्राप्त करने से लेकर सामाजिक मुद्दों को संबोधित करने की क्षमता वाले सर्वांगीण व्यक्तियों का निर्माण करना अत्यावश्यक है। चेंजमेकर्स मानसिकताः 21वीं सदी की चुनौतियों और अवसरों के लिए अगली पीढ़ी को तैयार करने के लिए उद्यमशीलता की सोच और समस्या समाधान का लाभ उठाते हुए चेंजमेकर्स मानसिकता को बढ़ावा देना आवश्यक है। वैश्विक नेतृत्व कार्यक्रम और पहल युवा छात्रों में इस मानसिकता को विकसित करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करते हैं।

उन्हें एक ऐसे पाठ्यक्रम में शामिल करके जो कुछ वास्तविक जीवन की चुनौतियों के आसपास नवाचार और उद्यमशीलता की सोच पर जोर देता है, हम छात्रों को चौथी औद्योगिक क्रांति में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए तैयार कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के साथ जुड़े कार्यक्रम छात्रों को उद्देश्य और जिम्मेदारी की भावना प्रदान करते हैं, और अधिक टिकाऊ और सामाजिक रूप से जागरूक भविष्य बनाने में परिवर्तन के महत्व को सुदृढ़ करते हैं। डिजिटल कौशल का पोषणः परिवर्तनकारी शिक्षा के लिए प्रौद्योगिकी एक महत्वपूर्ण उपकरण है। यह छात्रों को दुनिया भर के ज्ञान और विशेषज्ञों से जोड़ता है, जिससे नवीन समस्या-समाधान संभव होता है। नौकरी की तैयारी से परे, यह युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), संवर्धित वास्तविकता (एआर), और वर्चुअल रियलिटी (वीआर) जैसे उन्नत उपकरणों का उपयोग करके महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने के लिए सशक्त बनाता है। ध्यान एक समग्र, अंतःविषय शिक्षा पर केंद्रित होना चाहिए, जो युवाओं को चिकित्सा या मनोविज्ञान जैसे पारंपरिक गैर-तकनीकी क्षेत्रों में भी विभिन्न क्षेत्रों में तकनीक-केंद्रित भविष्य के लिए तैयार करे। कक्षा से परेः सीखना पारंपरिक कक्षा की सीमा से परे तक फैला हुआ है।

छात्र अनुभवात्मक अवसरों के माध्यम से ज्ञान और कौशल प्राप्त करते हैं, जैसे कि पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक न्याय और सामुदायिक भागीदारी पर केंद्रित परियोजनाओं में संलग्न होना। युवाओं को सशक्त बनानाः युवाओं को अपनी शिक्षा को आकार देने में शामिल करना महत्वपूर्ण है।

सख्त, ऊपर से नीचे का दृष्टिकोण लागू करने के बजाय, अधिक लचीला, नीचे से ऊपर का तरीका वांछनीय है। इसका मतलब है कि युवा लोग जो सीख रहे हैं उसके बारे में उनके विचारों और राय को सुनना।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# चैटजीपीटी के प्रथम वर्षगांठ पर विशेष

**कृत्रिम** बुद्धिमत्ता किसी कंप्यूटर या मशीन द्वारा मानव मस्तिष्क के सामर्थ्य की नकल करने की क्षमता है। एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) संचालित परिवर्तनों के सबसे महत्वपूर्ण उदाहरणों में चैट जीपीटी है,जो मुक्त कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा विकसित एक भाषा मॉडल है।जैसे गूगल से सवाल करके हम संदर्भ या जवाब प्राप्त कर सकते हैं वैसे ही चैट जीपीटी से सवाल करके विभिन्न वेबसाइटो( संजाल फलकों) पर उपलब्ध आंकड़ों (डेटा)का एक संकलित उत्तर पा सकते हैं। चैट जीपीटी 3.5आर्किटेक्चर पर निर्मित एक उन्नत भाषा मॉडल है।यह पूछे गए संदर्भ को समझकर सुसंगत पैराग्राफ उत्पन्न कर सकता है और उल्लेखनीय प्रवाह के साथ प्रश्नों के उत्तर भी दे सकता है। चैट जीपीटी इंटरनेट पर उपलब्ध कंटेंट के विशाल मात्रा से भाषा पैटर्न प्राप्त करने के लिए एक विधि का उपयोग करता है।इसे पुस्तकों, लेखकों वेबसाइटों और अन्य शाब्दिक आंकड़ों सहित सहित विविध स्रोतों पर प्रशिक्षित किया गया है जिससे यह भाषा के उपयोग की पेचीदगियों को समझने और तार्किक रूप से प्रासंगिक प्रतिक्रियायें उत्पन्न करने में सक्षम है।प्रमुख ओपन एआई( मुक्त कृत्रिम बुद्धिमत्ता ) की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चैटबॉट चैटजीपीटी को ठीक एक साल पहले आम जनता के सामने 30नवंबर 2022को पेश किया गया था। यह दूसरे महीने के अंत तक 10 करोड़ उपयोगकर्ताओं के साथ यह अब तक का सबसे तेजी से बढ़ने वाला ऐप बन गया था। अनुमान है कि ओपन एआई वार्षिक राजस्व में एक अरब अमरीकी डॉलर से अधिक एकत्र कर चुका है। इतिहास में पहले कभी किसी प्रौद्योगिकी को इतनी तेजी से विस्तार करते नहीं देखा। चैट जीपीटी की प्रथम वर्षगांठ जो बीते 30नवंबर को थी आज आइए जानते हैं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव मस्तिष्क के लिए कहीं भविष्य में बड़ी चुनौती ना बन जाए क्या हजारों वर्षों के जैविक विकाश के प्रतिफल में विकसित मानव मस्तिष्क के समान यदि कोई कंप्यूटर या रोबोट या कोई मशीन नैतिक प्रश्नों पर खुद फैसला लेने लगे तो अनर्थ ना हो जाएगा। तकनीक की दुनिया कहीं नौकरियों के साथ इंसानों की जानें ना लेने लगे मुझ सहित सदी के महान वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग की चिंता बेवजह नहीं है।अगर कृत्रिम बुद्धिमत्ता कहीं आत्म जागरूक हो गई तब क्या होगा? आइए इन चिंताओं को साझा करते हैं एक दूसरे से।आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा ,नौकरी की सुरक्षा,चैटजीपीटी ने दुनिया भर की सरकारों को यह समझने के लिए मजबूर किया कि एआई महत्वपूर्ण आर्थिक और सामाजिक चुनौतियाँ पैदा करता है।

# सम्मेलनाय नम

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त, प्रसिद्ध युवा व्यंग्यकार**

**कहते** हैं अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता। जब समूह में फोड़ने की सोचते हैं तो उसी समूह को सम्मेलन का नाम दे दिया जाता है। जी हाँ सम्मेलन! भीड़ में साँप नहीं मरता और सम्मेलन में समस्या का समाधान नहीं होता। साँप मर जाए तो लाठियों का और समाधान हो जाए इन सम्मेलनों का कोई औचित्य नहीं रह जाता। एक डंसने के लिए और दूसरा समय-पैसे की खपत के लिए होना जरूरी है। इसीलिए दुनिया में इतनी लाठियों और बुद्धिजीवियों के होने के बावजूद दोनों का अस्तित्व जस का तस और अक्षुण्ण है। वास्तव में सम्मेलन उन लोगों का समूह होता है जो अकेले तो कुछ नहीं कर सकते, लेकिन समूह बनने पर तीसमार खाँ बनने का दावा ठोंकते हैं। यहाँ कुछ हासिल करने से ज्यादा समय-पैसे खर्च करने के बढ़िया बहाने खोजे जाते हैं। इनके निरंतर चलने से बिस्कुट जैसे नरम और चाय जैसे गरम लोगों का मेल-मिलाप होता है, जो कि ऐसे संदर्भों में एक-दूसरे के पूरक का काम करते हैं। देखा जाए तो हमारे सम्मेलनों में पूरी तरह से लोकतांत्रिक पद्धति का पालन किया जाता है। यहाँ प्रतिभाओं से अधिक संविधान का और संविधान से अधिक उसका अपने हिसाब से इस्तेमाल करने वालों का आदर-सत्कार किया जाता है। यही कारण है कि हमारे यहाँ सम्मेलनों की पूंछ हनुमान जी की पूंछ से भी लंबी होती है। सम्मेलन की क्षमता सुनने-देखने से ज्यादा करने में होती है। उदाहरण के लिए हमारा देश पिछड़ा हुआ है, ऐसा कहेंगे तो देशभक्तों को गुस्सा आ जाएगा। हो सकता है कि बदले में कोई हमें पाकिस्तान भी जाने के लिए कह दे। इसीलिए हमने इन्हीं सम्मेलनों के चलते बीच का रास्ता अपनाया है। देश को विकासशील जैसी सुंदर संज्ञा देकर बाहर से शेरवानी और अंदर से परेशानी वाली जैसी छवि का निर्माण किया है। ऐसा करने से कानों को सुकून मिलता है और चेहरे पर बनावटी मुस्कान बनी रहती है। सम्मेलन कई तरह के होते हैं। उन्हीं में एक तरह का सम्मेलन है- ह्यमुद्दे को कैसे भटकाया जाए?ह्न यह आजकल बड़े जोरों पर है।

## न्यूज फ्लैश

### बुजुर्गो से पेंशन छोड़ने की अपील करने से पहले मुख्यमंत्री अपने मंत्रिमंडल, विधायको संग छोड़े अपनी-अपनी पेंशन: देवेन्द्र गौतम



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**हरियाणा मे** मुख्यमंत्री जनसंवाद कार्यक्रम के नाम पर सिर्फ ड्रामा हो रहा है। इस प्रकार के जनसंवाद कार्यक्रमों मे आम जनमानस की बजाए बीजेपी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी ही मौजूद रहते है यह बात आम आदमी पार्टी हरियाणा के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने प्रेसवार्ता के दौरान कही। देवेन्द्र गौतम ने कहा की पहले भी मुख्यमंत्री को मीडिया के माध्यम से जन-समस्याओ बारे अवगत करवाया गया था लेकिन आज तक समस्याएँ जस की तस है। दोबारा से मुख्यमंत्री जनसंवाद कार्यक्रम मे आ रहे है हमारा दायित्व बनता है जनता की समस्या उन तक पहुँचाना। हम प्रेसवार्ता के माध्यम से और जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान उनसे मिलकर भी समस्याओ के बारे मे बताएँगे। देवेन्द्र गौतम ने कहा की प्रॉपर्टी आईडी व ढढढ के चलते पुरे हरियाणा की जनता आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रही है। सोनीपत नगर निगम मे प्रॉपर्टी आईडी और अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय पर फैमिली आईडी ठीक करवाने के लिए लम्बी लम्बी लाइने लगी रहती है। माननीय मुख्यमंत्री को जनसंवाद कार्यक्रम मे शिरकत करने से पहले प्रॉपर्टी आईडी व फैमिली आईडी खिड़कियों पर पहुँच लोगों की समस्याएँ महसूस करनी चाहिए। अन्यथा ये मुख्यमंत्री जनसंवाद कार्यक्रम के नाम पर हो रही ड्रामेबाजी को को बंद करे। आज बीजेपी समाज के वर्ग को जातियों का नाम देकर उनको बाँट भारत देश को विकसित भारत बनाने की बात कर रही है। साढ़े 9 वर्ष बाद बीजेपी को याद आया की इन जातियों उत्थान से से भारत देश विकसित होगा।

### गाड़ी से सामान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

सदर थाना पुलिस ने गाड़ी से सामान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित निवासी ऐटा उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोंपित को अदातल में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। रेवाड़ी हालत में मनन कंपनी निवासी सचित ने गत 3 नवंबर को पलिस से शिकायत देकर बताया था किसी ने उसकी कंपनी की गाड़ी पर रोहित निवसी ऐटा व सोनू निवासी यूपी काम करते थे। जोकि अनाज मंडी सोनीपत से चले थे। गत 30 अक्टूबर को गाड़ी खाली की थी। उसके बाद गाड़ी उतारी वहां से पांच हजार रुपये लिए। उसके बाद कई फोन किए, लेकिन फोन नही उठाएं। उसके बाद कृष्ण ड्राइवर को भेजा। जांच के दौरान कृष्ण ने बताया कि उसे गाड़ी में बैटरी, एसीएम व सीएनजी किट नहीं थी, पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक रमेश कुमार ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपित रोहित ऐटा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### हत्या करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

सदर थाना पुलिस ने हत्या की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अक्षय उर्फ अक्षु निवासी बड़वासनी, जितेंद्र उर्फ टिंकू निवासी खांडा सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

गढ़ी हकीकत निवासी कुलदीप ने गत 9 सिंतबर को शिकायत देकर बताया था कि उसका भाई मुकेश, सुमित निवासी भठगांव के स्टॉक पर सामान लेने के लिए गया था। जहां उसके भाई को बदमाशों ने गोलियां मारकर घायल कर दिया था। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने वारदात में शामिल छह आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक रमेश ने बताया कि वारदात में शामिल अन्य दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

### निमार्णाधीन मकान से लोहे की सैटरिंग व मोबाइल फोन चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

कुंडली थाना क्षेत्र में निमार्णाधीन मकान से लोहे की सैटरिंग का सामान व मोबाइल फोन चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। अम्बेडकर नगर हैदरपुर दिल्ली निवासी लोकेश कुमार ने बताया कि वह ठेकेदारी करता है। उसने सोनीपत में बिल्डिंग बनाने का ठेका ले रखा है। गत 1 नवंबर को बिल्डिंग सैटरिंग की तीन प्लेट कर ली। तीन लड़कों से एक लड़के को पकड़ लिया। वह चकमा देकर फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# 'शोध कार्य समस्या निवारण उन्मुख होना चाहिए'

## बंडारू दत्तात्रेय ने शोधार्थियों से ग्रास रूट लोकल स्तर पर समस्याओं के निवारण के लिए शोध करने का परामर्श शोधार्थियों को दिया

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

उच्च कोटि के शोध के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग करने, नवीनतम टेक्नोलॉजी से कदमताल करने, इनोवेशन करने तथा समाजोपयोगी शोध करने का आह्वान हरियाणा के राज्यपाल तथा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने आज महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में शोधार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम में किया। राज्यपाल-कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने शोधार्थियों से ग्रास रूट लोकल स्तर पर समस्याओं के निवारण के लिए शोध करने का परामर्श शोधार्थियों को दिया। उन्होंने कहा कि शोध कार्य समस्या निवारण उन्मुख होना चाहिए।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने यूनिवर्सिटी-इंडस्ट्री सहभागिता तथा सक्रिय इंटरफेस पर विशेष जोर देने की बात कही। इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुसार भी शोध कार्य की वकालत उन्होंने की। अपने शोध कार्य के साथ शोधार्थियों को व्यायाम,




योग, शारीरिक गतिविधियों में शामिल होने तथा अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने का परामर्श कुलाधिपति ने दिया। एमडीयू को शैक्षणिक, शोध, सोशल आउटरीच, पर्यावरण संरक्षण, साहित्य-संस्कृति, खेल गतिविधियों में उत्कृष्टता के लिए राज्यपाल कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने एमडीयू वाइस चांसलर प्रो. राजबीर सिंह तथा उनकी टीम को बधाई दी। शोधार्थियों से संवाद उपरांत राज्यपाल-कुलाधिपति ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के टॉपर्स विद्यार्थियों, एनएसएस, यूथ रेडक्रॉस गतिविधियों के प्रतिनिधियों, यूनिवर्सिटी आउटरीच, यूनिवर्सिटी कोर्ट आदि के स्टूडेंट सदस्य प्रतिनिधियों से भी संवाद किया। टैगोर सभागार में आयोजित संवाद कार्यक्रम में शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों ने अपनी बात रखी और सुझाव दिए। शोधार्थियों ने अपने-अपने शोध कार्य बारे भी बताया। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अपने संबोधन में एमडीयू की विकास यात्रा का विवरण दिया। उन्होंने कहा कि एमडीयू रिसर्च-इन्नोवेशन में नूतन पहल कर रहा है। भविष्योन्मुखी रोडमैप के तहत उत्कृष्ट शोध संस्कृति की नींव एमडीयू में रखी गई है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने राज्यपाल-कुलाधिपति के सतत मार्गदर्शन के लिए आभार जताया। स्वागत भाषण डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने दिया। आभार प्रदर्शन रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने किया। कार्यक्रम में मंच संचालन निदेशक युवा कल्याण डा. जगबीर राठी ने किया। डीन, सीडीसी प्रो. ए.एस. मान, डीन आर एण्ड डी प्रो. अरूण नंदा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, फैकल्टी डीन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, शोधार्थी, विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम आयोजित**

8 स्वागत भाषण डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने दिया। आभार प्रदर्शन रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने किया।

## लेफ्टिनेंट का गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया / महेंद्रगढ़**



**गांव** बुचौली का होनहार युवा मंजीत यादव का एनडीए 150बैच में आर्मी में लेफ्टिनेंट के पद पर 19जुलाई 2023को चयन हुआ था । लेफ्टिनेंट के पद पर ज्वॉइन करने के बाद ट्रेनिंग के दौरान छुट्टी मिलने पर आज गांव में पहली बार पहुंचने पर ग्रामीणों ने लेफ्टिनेंट मंजीत यादव का फूल मालाओं से स्वागत किया और बधाई दी । सरपंच प्रतिनिधि अरविन्द उर्फ सोनू ने बताया कि लेफ्टिनेंट मंजीत यादव के दादा जी जयदयाल सिंह भी 16कुमाऊ रेजीमेंट में हवलदार थे जो 1988में श्रीलंका में हुए ऑपरेशन पवन में शहीद हो गए थे।मंजीत के पिता धर्मेंद्र और माता रेणु यादव ने बताया कि मंजीत ने अपने दादा के पदचिन्हों पर चलते हुए फौज में जाने की ठानी और अपने स्वर्गीय दादा जी हवलदार जयदयाल सिंह और दादी सरवान का सपना साकार किया।

## भाजपा शासन में कॉलोनीवासियों को नहीं मिल रही सुविधाएं

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पूर्व** मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा,कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का *'हाथ से हाथ जोड़ो'* अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंच रहा है और भाजपा व जजपा सरकार की नाकामियों एवं कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश की जनता के लिए की गई हितैषी नीतियों से अवगत करा रहे हैं।

हरियाणा युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष *सचिन कुंडू* ने हल्काः पानीपत ग्रामीण की *कश्यप कॉलोनी* में 'हाथ से हाथ जोड़ो'



अभियान के तहत जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश की महंगाई, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं न होना, बेरोजगारी के बोझ तले दब रही है। प्रदेश की समस्त कॉलोनियां का बड़ा ही बुरा हाल बना हुआ है। सभी गलियों में नालियों का गंदा पानी बह रहा है। छोटे बच्चे, बड़े बुर्जुग व महिलाएं मजबूरन गंदे पानी से गुजर रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप डेंगू जैसी भयानक बीमारियां फैल रही हैं। पीने के पानी के लिए लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है। रास्तों पर जगह जगह खड्डे हो रखे हैं आए दिन आने जाने वालों के साथ कोई न कोई दुर्घटना होती है । किसी चौक, चौराहे पर कोई सीसीटीवी कैमरे नही लगे हुए जिससे आए दिन जुर्म की घटना घटती है।

ये जनवीरोधी सरकार प्रदेश की जनता को उनकी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराने में असफल रही है। जुर्म के मामले में प्रदेश शीर्ष पर आ खड़ा हुआ है और प्रदेश में आए दिन लूट, हत्या, अपहरण, बलात्कार, फिरौती आदि के मामले बढ़ रहें हैं।लेकिन जनविरोधी सरकार केवल अपनी जेब भरने में लगी हुई है। जनता प्रदेश की वर्तमान सरकार से पूर्ण रूप से त्रस्त हो गई है।

## रोडवेज बसों में एचटेट परीक्षार्थियों को करना होगा किराया देकर सफर

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल। इस** बार हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को जेब से किराया देकर सफर करना पड़ेगा। नारनौल डिपो में किराये को लेकर कोई भी नोटिफिकेशन निदेशालय राज्य परिवहन हरियाणा की तरफ से नहीं मिला है।

हालांकि निदेशालय की तरफ से एक नोटिफिकेशन सभी महाप्रबंधकों को एचटेट परीक्षा को लेकर भेजा है। उसमें कहा गया है कि परीक्षार्थियों की सुविधा के मध्य नजर 2 व 3 दिसंबर को परीक्षार्थियों को लाने के लिए आवश्यकता अनुसार पर्याप्त मात्रा में बस सेवा उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

**प्रति केंद्र लगभग 310 परीक्षार्थी होंगे:** शनिवार को सायंकालीन सत्र में करीब 3410 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसके अलावा 3 दिसंबर को सुबह लगभग 6954 तथा शाम को लगभग 2468 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। प्रति केंद्र लगभग 310 परीक्षार्थी होंगे।

**परीक्षार्थियों के लिए रेन बसेरों में ठहरने की व्यवस्था:** सर्दी के मौसम में परीक्षार्थी रेन बसेरों में ठहर सकते हैं। रेन बसेरा नारनौल बस स्टैंड व नागरिक अस्पताल के पास चल रहे हैं। वहीं इनके अलावा धर्मशालाओं में परीक्षार्थी ठहर सकते हैं।

**परीक्षा केंद्र शहर में होने की वजह से नहीं होगी परेशानी:** हरियाणा पात्रता परीक्षा के लिए आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में ज्यादा परेशानी नहीं होगी।

## रामलीलाओं के सम्मान को लेकर भेदभाव का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल। मुख्यमंत्री** द्वारा 5 दिसंबर को कुरुक्षेत्र में प्रदेशभर की रामलीलाओं को सम्मानित किए जाने के मामले में कुछ रामलीलाओं ने जिला प्रशासन पर चयन में भेदभाव का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की लगभग 300 रामलीलाओं के कलाकारों को सम्मानित किया जाना है। प्रदेश के सभी जिलों के प्रशासन से श्रेष्ठ रामलीलाओं के नाम मांगे गए।

जिले में श्री रामलीला परिषद रजि. महेंद्रगढ़ प्रदेश की श्रेष्ठतम रामलीलाओं में अग्रिम श्रेणी में आती है।

## विजन को साकार करेगा 'विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम



**गन्नौर(सोनीपत)/टीम एक्शन इंडिया**

**सांसद रमेश** कौशिक ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से 26 जनवरी 2024 तक चलाया जा रहा देशव्यापी ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्ण कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक ह्यआत्मनिर्भर और विकसितह्ण राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करेगा। ह्यआत्मनिर्भर और विकसितह्ण भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वह दूरदर्शी विजन है जिसके साकार होने से भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान कायम करेगा। सांसद रमेश कौशिक ने शनिवार को गन्नौर खण्ड के गांव अटायल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांसद ने कहा कि इस अभियान के तहत सरकार की जनकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा किह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्ण कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रव्यापी पहल है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में जागरूकता पैदा करना और उनकी शत-प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है। यह यात्रा देश के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गों विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समावेशी विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उत्थान और अंत्योदय को हासिल करने के लिए कई अनूठी स्कीम शुरू की हैं और ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। आईटी का बड़े पैमाने पर प्रयोग करके व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है, जिससे भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार व क्षेत्रवाद पर अंकुश लगा है। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सरकारी सेवाओं और योजनाओं को ऑनलाइन कर देने से इनका लाभ लोगों को घर-द्वार पर ही मिल रहा है। अब गरीब का हक कोई छीन नहीं सकता।

## युवाओं ने रैली निकाल किया लोगों को एड्स के प्रति जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) एड्स दिवस** के मौके पर ऐडेन्ट सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन टी.आई अंबाला वा इद्रीश फाउंडेशन की ओर से रैली निकाली गई। प्रोजेक्ट मैनेजर पीयूष यादव ने रैली का नेतृत्व किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले अपनी आर्गनाइनेशन और इस विषय के बारे में बच्चों को जानकारी दी। साथ ही एड्स के कारण और उसके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद उन्होंने बच्चों के साथ मिलकर पूरे क्षेत्र में रैली निकाली ओर लोगों को जागरूक करने का काम किया। इद्रीश फाउंडेशन के बच्चे इस दौरान पोस्टर



और बैनर लेकर सडकों पर चल रहे थे। इस जागरूकता रैली की जिसमें एरिया इनचार्ज मिस्टर अभिषेक चौहान और टीचर नैनसी जी का नेतृत्व सराहनीय रहा। वही फाउंडेशन भावी प्रधान नीलिमा ने भी इस मौके पर अपने विचार रखे जिसमें उन्होंने बताया कि ऐडेन्ट सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन टी.आई अंबाला का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है जिससे कि बच्चों और आसपास के लोगों में एड्स को लेकर जानकारी होगी और इसकी बचाव के प्रति सभी लोग जागरुक हो पाएंगे यह एक बहुत ही अच्छा कदम है जिससे की रैली के जरिए आसपास की बस्तियों और लोगों को जागरूक किया गया है। इसके अलावा बच्चों ने पोस्टर मेकिंग व अन्य गतिविधियों में भाग लेते हुए इस दिन का महत्व जाना।

इस दौरान करीब 120 से अधिक बच्चे शामिल हुए थे और सड़को पर बच्चों की मधुर आवाज में निकले नारों ने टांगरी का बंधा, गोल्डन पार्क, शिवप्रताप नगर की गलियों को भर दिया। इस मौके पर वंदना कौशल नैनसी, एरिया इनचार्ज मिस्टर अभिषेक वा नीलिमा जी मौजूद रहेअ कार्यक्रम को कैंडल मार्च और रिफ्रेशमेंट्स के साथ समाप्त किया गया।

## पदक विजेता खिलाड़ी का गांव पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** गांव बलायचा निवासी चिरंजीव ने गत दिवस जींद जिले एसडी पब्लिक स्कूल नरवाना में आयोजित हुई हरियाणा राज्य जूनियर जित्सु प्रतियोगिता के अंडर-21 वर्ग के 60 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड मेडल हासिल कर अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया। गांव पहुंचने पर पदक विजेता खिलाड़ी का जोरदार स्वागत किया गया। पदक विजेता खिलाड़ी के ताऊ मुकेश अन्ना ने बताया कि चिरंजीव गौतम बुद्ध अकेडमी कोच लोकेश सैनी के



मार्गदर्शन में तैयारी कर रहा हैं। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बलवान फौजी, पवन खैरवाल, रमेश बलाना व कैप्टन हंसराज ने घर पहुंचकर पदक विजेता खिलाड़ी को बधाई दी। इस मौके पर बाबा ब्रहमचारी आश्रम सेवा समिति के प्रधान मास्टर राजेंद्र शर्मा, ब्लॉक समिति सदस्य कैलाश शास्त्री, सरपंच कवर सिंह, पूर्व सरपंच किशनलाल व पूर्व सरपंच नरेश शर्मा ने पदक विजेता खिलाड़ी को सम्मानित किया।

## आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करेगी यात्रा: कौशिक

**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**

**सांसद रमेश** कौशिक व विधायक निर्मल चौधरी ने शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव आहुलाना और अटायल में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सांसद व विधायक ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संदर्भ में लगाई स्टॉलों का अवलोकन करते हुए योजनाओं की जानकारी ली। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से शुरू किया गया देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करेगा। उन्होंने



कहा कि आज नागरिकों को योजनाओं को लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे बल्कि मोदी -मनोहर की डबल इंजन की सरकार लाभार्थियों के घर द्वार पर पहुंच रही है। विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि इस अभियान के तहत सरकार की जनकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रव्यापी पहल है। इस अवसर पर एसडीएम डॉक्टर निर्मल नागर,बीडीपीओ पूनम चंदा,तहसीलदार मनोज कुमार,खण्ड शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा,एसएमओ डॉक्टर टीना आनंद,एसएमओ डॉक्टर संजय कौशिक,आयुष विभाग से डॉक्टर बलविंद्र सिंह,डॉक्टर रजनीश ,नगरपालिका गन्नौर के चेयरमैन अरुण त्यागी,राजेंद्र त्यागी,बिजली विभाग के एसडीओ अभषेक कौशिक,सरपंच सतबीर जेलदार,सरपंच सुनील देवी, अजीत पहल,पूर्व सरपंच बलबीर पहल,प्रधानाचार्य अनिल शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**पीएम व मुख्यमंत्री के संदेश का किया प्रसारण:** विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मोबाइल वैन में लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संदेश का प्रसारण किया गया।

उत्तराखण्ड शासन | G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

# DESTINATION UTTARAKHAND
GLOBAL INVESTORS SUMMIT 2023

8th - 9th December, 2023 Dehradun (Uttarakhand) Peace To Prosperity





## उत्तराखण्ड में असीम संभावनाओं का अनावरण
## आपकी समृद्धि का प्रवेश द्वार

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ है। पहला, विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभो को लगातार मजबूत कर रहा है।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## एक आदर्श गंतव्य में उत्तम निवेश

### सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME Policy)

**पात्र परियोजनाएं**

सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम जैसा कि सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006 और समय-समय पर इसके संशोधनों में परिभाषित किया गया है।

| प्रोजेक्ट का प्रकार | निवेश | टर्नओवर |
|---|---|---|
| सूक्ष्म | 1 करोड़ तक | 5 करोड़ तक |
| लघु | 10 करोड़ तक | 50 करोड़ तक |
| मध्यम | 50 करोड़ तक | 250 करोड़ तक |

**प्रोत्साहन**

पूंजीगत अनुदान (सब्सिडी)

| सूक्ष्म | लघु | मध्यम |
|---|---|---|
| ₹0.5 करोड़ तक | ₹2.5 करोड़ तक | ₹ 4 करोड़ तक |

| | |
|---|---|
| स्टाम्प शुल्क प्रतिपूर्ति | 100% तक |
| डी पी आर ए सहायता | 75% तक |

ब्याज अनुदान

| सूक्ष्म | लघु | मध्यम |
|---|---|---|
| 5 लाख प्रतिवर्ष तक | 6 लाख प्रतिवर्ष तक | 7 लाख प्रतिवर्ष तक |

मंडी शुल्क प्रतिपूर्ति : 50% प्रति यूनिट प्रति वर्ष रु. 5 लाख तक

- बिजली शुल्क पर 5 वर्ष की छूट
- सर्वाधिक प्राथमिकता श्रेणी के तहत 15 लाख रुपये तक की अतिरिक्त पूंजी सब्सिडी
- गुणवत्ता प्रमाणन शुल्क की प्रतिपूर्ति-खर्च की गई लागत का 75 प्रतिशत

### निजी औद्योगिक आस्थान नीति 2023

**पात्र परियोजनाएं**

- निजी औद्योगिक आस्थान/क्षेत्र किसी व्यक्तिगत प्रमोटर/डेवलपर/साझेदारी फर्म/एलएलपी/कंपनी या कंपनी अधिनियम/सोसाइटी आदि के तहत पंजीकृत किसी इकाई द्वारा स्थापित किया जा सकता है। (सभी संबंधित भूमि मालिकों से सहमति पत्र के साथ)
- निजी औद्योगिक आस्थान की स्थापना के लिए मैदानी क्षेत्र में न्यूनतम 30 एकड़ और पहाड़ी क्षेत्र में न्यूनतम 2 एकड़ जमीन होना आवश्यक है।
- प्रस्तावित भूमि प्रमोटर के पूर्ण कब्जे में होनी चाहिए और किसी भी अतिक्रमण से मुक्त होनी चाहिए।
- औद्योगिक भूखण्डों की दरें आस्थान के प्रवर्तक/निदेशक मण्डल द्वारा ही निर्धारित एवं विपणन की जायेंगी। राज्य सरकार की इसमें कोई भूमिका नही होगी

**राजकोषीय प्रोत्साहन**

**पूंजीगत सब्सिडी (अनुदान)**

किसी भी निजी क्षेत्र के निवेशक, व्यावसायिक इकाई आदि द्वारा प्रवर्तित प्रत्येक औद्योगिक पार्क/एस्टेट की बुनियादी ढांचा लागत के बिक्री योग्य क्षेत्र पर प्रति एकड़ 10 लाख रुपये की पूंजी अनुदान।

**सी ई टी पी**

पूंजीगत सब्सिडी का 40%, (सीईटीपी स्थापित करने के लिए संयंत्र पर निर्धारित पूंजी निवेश का अधिकतम 1 करोड़ रुपये)

### लॉजिस्टिक्स नीति 2023

**पात्र परियोजनाएं**

लॉजिस्टिक्स पार्क, अंतर्देशीय कंटेनर डिपो, भण्डारण सुविधा, ट्रक टर्मिनल, फ्लीट ऑपरेटर्स, कोल्ड स्टोरेज में सभी नवीनतम एवं मौजूदा परियोजनाएँ

**प्रोत्साहन**

| इकाई के प्रकार | प्रोत्साहन |
|---|---|
| भण्डारण सुविधा | परियोजना लागत का 20 प्रतिशत तक |
| ट्रक टर्मिनल | परियोजना लागत का 20 प्रतिशत तक |
| वाहन खरीद प्रोत्साहन (न्यूनतम तीन ट्रक/छोटे ट्रक /मिनी पिकअप ट्रक/रीफर वैन) | बड़े ट्रकों पर 10 प्रतिशत तक और छोटे और मध्यम ट्रकों पर 15 प्रतिशत तक अधिकतम तक 10 लाख रु. |
| कोल्ड स्टोरेज | परियोजना लागत का 15 प्रतिशत तक |
| बुनियादी सुविधाएं | परियाजना लागत का 20 प्रतिशत तक |
| लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी/ड्राईपोर्ट/एयर कार्गो/इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक्स पार्क) | 50 करोड़ रुपये तक की परियोजना लागत के लिए 8 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी। 50-150 करोड़ रुपये के बीच की परियोजना लागत के लिए 24 करोड़ रुपय तक । 150 करोड़ से अधिक परियोजना लागत के लिए 32 करोड़ रुपय तक की सब्सिडी। |
| अंतर्देशीय कंटेनर डिपो | |
| कौशल विकास प्रोत्साहन | |



## प्रदेश की समृद्धि में भागीदार बनें



अधिक जानकारी के लिए
investuttarakhand.uk.gov.in
पर लॉग ऑन करें

/ukgis2023

QR कोड स्कैन करें

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया
वर्ष: 08 अंक: 323 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## दिल्ली में गोवंश के अवशेष मिलने पर हंगामा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दक्षिणी दिल्ली के गोविंदपुरी थानाक्षेत्र के तुगलकाबाद गांव में सरकारी स्कूल के पास शनिवार सुबह मृतक गोवंश के अवशेष मिलने से ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। तुगलकाबाद सहित आसपास के अन्य ग्रामीणों ने आरोपितों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग को लेकर महरौली-बदरपुर रोड जाम कर दिया। ग्रामीणों ने थाना पुलिस पर भी कार्रवाई करने में टालमटोल रवैया अपनाने का आरोप लगाया। तनाव बढ़ता देख पुलिस उपायुक्त राजेश देव मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को मामले में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने रास्ता खोला।
तुगलकाबाद गांव में महरौली-बदरपुर रोड के पास सर्वोदय कन्या विद्यालय है। ग्रामीणों ने सुबह करीब आठ बजे स्कूल के पास गोवंश के अवशेष देखे। इसके बाद मामले की जानकारी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद भी पुलिस काफी देर तक मौके पर नहीं पहुंची। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अज्ञात तस्करों ने चार गायों की हत्या की है। वह हत्या कर गोमांस अपने साथ ले गए और कुछ हिस्सा मौके पर रह गया।
तुगलकाबाद वार्ड से भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष बिधूड़ी ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद भी पुलिस ने टालमटोल रवैया अपनाया। इसके बाद तुगलकाबाद सहित आसपास गांवों के ग्रामीणों ने आरोपितों की गिरफ्तारी करने की मांग को लेकर सुबह करीब साढ़े दस बजे महरौली-बदरपुर रोड जाम कर दिया। कुछ ही देर में करीब 400 लोग रोड पर इकट्ठा हो गए।

# तब जेल से सरकार चलाएंगे केजरीवाल: आतिशी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी द्वारा शुरू किए गए मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान के तहत कैंपेन के तहत शनिवार को आप की वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री आतिशी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र कालकाजी विधानसभा में डोर टू दूर कैंपेन किया। उन्होंने गोविन्दपुरी, कालकाजी में घर-घर जाकर लोगों से पूछा कि अगर झूठे केस के तहत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाता है तो क्या उन्हें इस्तीफा देना चाहिए या जेल से सरकार चलानी चाहिए। उधर, विधायक ऋतुराज झा ने किराड़ी, विधायक प्रमिला टोकस ने आरके पुरम और दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र तोमर ने त्रिनगर में डोर-टू-डोर कैंपेन कर जनता की राय जानी। सभी जगह जनता ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश रची जा रही है। कुछ भी हो





जाए, उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के सभी मंत्री, विधायक, नेता डोर टू डोर कैंपेन के लिए ग्राउंड पर उतरे हुए हैं। हम दिल्ली की जनता की राय लेने के लिए निकले है। उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार और भाजपा झूठे आरोप लगा-लगाकर आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल में डाल रही है। भाजपा ने सतेंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह की गिरफ़्तार करा लिया और अब अरविंद केजरीवाल को भी गिरफ़्तार करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। उधर, आम आदमी पार्टी के विधायक और दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष ऋतुराज झा ने किराड़ी विधानसभा, प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र तोमर ने त्रिनगर और विधायक प्रमिला टोकस ने आरके पुरम विधानसभा में डोर टू डोर कैंपेन किया। ऋतुराज झा ने कहा कि हमारे सभी मंत्री, विधायक, पार्षद, पदाधिकारी और कार्यकर्ता एक-एक घर जाकर हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता एक से 20 दिसंबर तक सभी 2600 पोलिंग स्टेशन पर डोर टू डोर कैंपेन और 21 से 24 दिसंबर तक सभी 250 वॉर्डों में जनसभा करेंगे।

**अभियान**

8 अगर झूठे केस के तहत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाता है तो क्या उन्हें इस्तीफा देना चाहिए या जेल से सरकार चलानी चाहिए।



पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने दिल्ली के राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर सीएम अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले में गिरफ्तारी पर इस्तीफा देना चाहिए या नहीं, इस पर जनमत संग्रह के दौरान लोक अभियान चलाते हुए।

## आईजीआई एयरपोर्ट पर कोहरे की वजह से कई फ्लाइट डायवर्ट

**नई दिल्ली।** सर्दी में मौसम में कोहरे की वजह से लो विजिबिलिटी का असर राजधानी के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर देखने को मिल रहा है। इसके कारण आज कई फ्लाइट्स को दूसरे एयरपोर्ट पर डायवर्ट करना पड़ा। विस्तारा एयरलाइंस की फ्लाइट्स को दिल्ली की बजाय अहमदाबाद, जयपुर और अमृतसर एयरपोर्ट पर डायवर्ट करना पड़ा। फ्लाइट डायवर्ट होने से हवाई यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।
इनमें अकेले विस्तारा एयरलाइंस की पांच फ्लाइट डायवर्ट हुई हैं। फ्लाइट संख्या यूके 906 जो अहमदाबाद से दिल्ली आ रही थी। उसे वापस अहमदाबाद ही डायवर्ट किया गया। इसके बाद इंटरनेशनल फ्लाइट संख्या यूके 26 जो फ्रैंकफर्ट से दिल्ली आ रही थी, उसे अमृतसर एयरपोर्ट पर डायवर्ट करना पड़ा। उस एयरपोर्ट पर फ्लाइट को लगभग 11 बजे के आसपास लैंड करवाया गया। फ्लाइट संख्या यूके 832 जो चेन्नई से दिल्ली आ रही थी, उसे भी अमृतसर एयरपोर्ट पर डायवर्ट करना पड़ा।

## डी.डी.ए. द्वारा वर्षों पुरानी गौशाला तोड़े जाने पर गौभक्तों में भारी रोष: गोयल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सुरक्षा बलो को साथ लेकर डी.डी.ए. द्वारा आई एस बी.टी. यमुना पुल के पास व श्यामगिरी मठ के पीछे निर्दयता से बिना कोई पूर्व सूचना दिए, वर्षों पुरानी गौशाला तहस-नहस किए जाने पर गौभक्तों में भारी रोष है। इसी तोड़-फोड़ के दौरान एक गौ माता की मृत्यु भी हो गई है। इस गौशाला में लगभग 500 गाएं, बछड़े, नन्दी, बिमार गाएं, बछडिया, गोवंश की सेवा आस-पास के गोभक्तों द्वारा मिल कर की जा रही थी। गौशाला को तोड़ने से व गोमाता की मृत्यु होने पर गौ प्रेमियो को भारी आघात लगा है। यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता भाजपा श्री जय भगवान गोयल ने कहा कि आज सुबह सभी गौभक्त इकट्ठे होकर सभी गोवंश को साथ लेकर उपराज्यपाल निवास जाना चाहते थे ताकि इन सभी गोवंशो की भविष्य में उचित व्यवस्था,



उपराज्यपाल कराएं या गौशाला को पुनः सरकारी खर्चे पर निर्माण कराए ताकि आने वाले दिनों में भारी सर्दी होने पर ओर ज्यादा गौवंशो की मृत्यु न हो सके। लेकिन भारी भरकम पुलिस बल द्वारा जबरदस्ती वहां जाने पर उन्हें रोका गया।
श्री गोयल ने कहा एक तरफ बंगलादेशी, रोहिंगा घुसपेठिया, जगह-जगह पर झुग्गी झोपड़ी बना कर रह रहे है और यमुना खादर पर कई तरह के क्राईम भी कर रहे है और इसी के साथ साथ यमुना खादर पर तिब्बतियों के लिए मोनास्ट्री और कॉमनवैल्थ खेलो के लिए बहुत बड़ा गांव यमुना जी में ही बसाया गया है तथा गौशालाएं गोचरभूमि व धार्मिक स्थानों को यमुना खादर से बड़ी बेरहमी के साथ खण्डित किया जा रहा हैदिल्ली के उपराज्यपाल महोदय से अनुरोध है कि जल्द से जल्द 500 गौवंश की उचित व्यवस्था कराएं व अवैध रूप से तोड़ी गई गौशाला का निर्माण कराएं अन्यथा, 5 दिसम्बर 2023 को सारे गौभक्त, सन्तों के मार्गदर्शन में एल.जी.हाऊस का घेराव करेंगे।

## सैनिक फार्म के जंगल में देखा गया तेंदुआ



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दक्षिणी दिल्ली के नेब सराय स्थित सैनिक फार्म के जंगल में शनिवार सुबह तेंदुआ देखा गया। पुलिस और फॉरेस्ट की टीम मौके पर पहुंचकर तेंदुए की तलाश में जुट गई है। वहीं इस दौरान तेंदुए ने वन विभाग की टीम पर हमला कर दिया। इसमें एक कर्मचारी घायल हो गया। वहीं तेंदुए ने एक आम नागरिक पर भी हमला किया है। हमले की इस घटना के बाद से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। करीब पांच घंटे से दोनों टीमें उसे पकड़ने के प्रयास में जुटी है, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। यहां पर टीम ने दो जाल भी लगा दिए हैं। वहीं तेंदुए को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ भी जंगल में जुट गई है।

## दिल्ली में मणिपुर के युवक की पिटाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के सनलाइट कॉलोनी थाना इलाके में मणिपुर के रहने वाले एक शख्स की उसकी पत्नी बहन के सामने पिटाई की गई। बीच बचाव में उसकी पत्नी और बहन के साथ भी बदतमीजी की गई और मारपीट किया गया। इस मामले में डीसीपी राजेश देव ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि कल 1 दिसंबर को रात 2:30 बजे के आसपास इस वारदात के बारे में सूचना मिली थी। सनलाइट कॉलोनी थाना इलाके के किलोकरी में झगड़ा हुआ है। जिसमें मणिपुर के रहने वाले एक शख्स की पिटाई की गई है। उसे इलाज के लिए पीसीआर की गाड़ी के द्वारा अस्पताल ले जाया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को जानकारी मिली। उसके बाद पुलिस टीम एम्स अस्पताल पहुंची तो पता चला कि पीड़ित के आंख पर सूजन है, सर पर चोट लगी है।

## ईडी ने संजय सिंह के खिलाफ दाखिल की पूरक चार्जशीट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट में शनिवार को पूरक चार्जशीट दाखिल की। पूरक चार्जशीट में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को आरोपित बनाया गया है। ईडी ने स्पेशल जज एमके नागपाल के कोर्ट में पूरक चार्जशीट दाखिल की। संजय सिंह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने उन पर सरकारी गवाह बने दिनेश अरोड़ा से अपने सहयोगियों के जरिए दो करोड़ रुपये की रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। ईडी के मुताबिक दो करोड़ का लेनदेन दो किश्तों में किया गया। यह लेनदेन संजय सिंह के घर पर हुआ। इसकी पुष्टि दिनेश अरोड़ा ने की थी। ईडी के मुताबिक सर्वेश को संजय सिंह के घर पर पैसा दिया गया। जो कि संजय सिंह का कर्मचारी है। दिनेश अरोड़ा ने इसकी पुष्टि की है। ईडी ने संजय



सिंह को 04 अक्टूबर को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। संजय सिंह ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। जमानत याचिका पर राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया है। इस मामले में दिल्ली सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी आरोपित हैं और वो न्यायिक हिरासत में हैं।




# सर्दी में धुंध के समय सावधानी बरतें वाहन चालक: एसपी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) पुलिस अधीक्षक** अम्बाला ने कहा की सर्दी बढ़ने के साथ ही सुबह और रात को कोहरे के दौरान अम्बाला पुलिस ने वाहन चालकों से अतिरिक्त सावधानी बरतने और यातायात के नियमों पर पूरी तरह से ध्यान रखकर वाहन चलाने की हिदायत दी है ताकि लोग सुरक्षित सफर कर सके और किसी सड़क दुर्घटना की पुनरावृति ना हो। पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने वाहन चालकों को धुंध के दौरान सड़क हादसों को लेकर पूरी तरह आगाह करते हुए कहा है कि मौसम में बदलाव के चलते अक्सर सड़क हादसे हो जाते हैं। अगर वाहन चालक थोड़ी सी भी सावधानी बरतें तो कोहरे में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से आम जनमानस को बचाया जा सकता है। एसपी



अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा ने विशेषकर धुंध से बचने के कुछ पहलुओं पर वाहन चालकों को ध्यान देने को कहा है। घने कोहरे में सड़क के बाएं किनारे को देखकर गाड़ी चलाएं। कोहरे में सड़क पर सुरक्षित चलने का अच्छा तरीका है कि आगे वाले वाहन से गाड़ी निश्चित दूरी पर चलाएं। वाहन की हेड लाइट को हाइबीम पर न रखे, ऐसा करने से कोहरे में रोशनी बिखर जाती है और सामने कुछ नजर नहीं आता। हेड लाइट लो बीम पर रखें। इससे देखने में आसानी होगी और सामने वाले को भी गाड़ी की सही स्थिति का पता चल सकेगा। हाइवे पर सड़कों के किनारे बनी पीली लाइन को फोलो करके भी आसानी से गाड़ी चलाई जा सकती है। वाहन चलाते समय कहीं मुड़ना है तो काफी पहले से इंडिकेटर दें, जिससे दूसरी गाड़ियों को टाइम मिल सके। हेडलाइट बंद करके सिर्फ फाग लाइट जलाना खतरनाक हो सकता है क्योंकि दूर से आने वाले वाहनों को अकेली फाग लाईट दिखाई नहीं देती। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वाहन चालक अपने वाहनों में फाग लाईट आवश्यक तौर पर लगवाएं, यह धुंध को काटने में मददगार साबित होती हैं। कोहरा हो तो चालक अपने वाहन की गति तेज न रखें। कोहरे के वक्त आगे चल रहे किसी वाहन को ओवरटेक करने की बजाय उचित दूरी कर फालौ करें। जहां तक संभव हो, कोहरा पड़ रहा है तो सड़कों पर न निकले। वाहन मालिक एवं चालक अपने-अपने वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर जरूर लगाएं। खासतौर से टुक या टैंपो चालक किसी भी होटल या ढाबे के आगे वाहनी को सड़क पर खड़ा ना करें। अगर किसी वाहन में तकनीकी खराबी हो जाती है तो उक्त वाहन को सड़क किनारे से दूर खड़ा करें और उसकी लाईट जलायें। एसपी ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को ठण्ड व धुंध के चलते अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है ताकि किसी सड़क दुर्घटना की पुनरावृति ना होने पाए। इस संबंध में उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को भी निर्देश दिये हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता फैलाकर वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें तथा नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें।

# विज ने निवास पर सुनीं सैकड़ो फरियादियों की समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अनिल विज का** जनता दरबार आजकल नहीं लग रहा है, मगर उनके आवास पर प्रतिदिन प्रदेशभर से फरियादियों का तांता लग रहा है। आज भी सैकड़ों की संख्या में फरियादी न्याय की आस में मंत्री विज के अम्बाला आवास पर अपनी फरियाद लेकर पहुंचे जिन्हें गृह मंत्री ने सुना और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए गए। जन सुनवाई के दौरान कबूतरबाजी के कई मामले सामने आए जिसपर गृह मंत्री अनिल विज ने कबूतरबाजी के मामलों के लिए गठित एसआईटी को जांच सौंपी। करनाल से आए व्यक्ति ने आरोप लगाया कि एजेंट ने उसे अमेरिका भेजने का झांसा दिया था। वह जमींदार है और उसने अपनी जमीन गिरवी रखकर 75 लाख रुपए अलग-अलग दिनों में एजेंट को दिए। मगर इसके बाद एजेंट फरार हो गया और अब उसे पता चला कि एजेंट अमेरिका में चला गया है। इसी तरह, पंजाब के कपूरथला से आए व्यक्ति ने बताया कि अमेरिका भेजने के लिए एजेंट ने उससे 90 लाख रुपए मांगे थे और 55 लाख रुपए में बात तय हुई थी। उसने एजेंट को विभिन्न माध्यम से 55 लाख रुपए की राशि दी जिसके बाद एजेंट ने उसे अमेरिका भेजने के बजाए तुर्की भेज दिया। इसके बाद एजेंट का फोन बंद हो गया और तुर्की से उसे डि-पोर्ट कर दिया गया। वहीं, करनाल निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसे अर्मेनिया भेजने का झांसा देकर एजेंट ने 3.25 लाख की धोखाधड़ी की जबकि नारायणगढ़ निवासी व्यक्ति ने उसे न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर 2 लाख ठगी के आरोप लगाए। विज के समक्ष हत्या के कई मामले सामने आए जिनपर विभिन्न जिलों के एसपी को एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए। महेंद्रगढ़ से आए व्यक्ति ने कहा कि उसके भाई की हत्या के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। इसी तरह कुरुक्षेत्र से आए परिवार ने बताया कि उनके बेटे की हत्या मामले में आरोपी पकड़े नहीं गए हैं और उलटा आरोपी अब उन्हें धमकियां दे रहे हैं। गृह मंत्री ने मामले में एसपी ने इस मामले में एक्शन रिपोर्ट तलब करते हुए एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए। इसी तरह, सिरसा से आए बाजीगर समाज के लोगों ने युवक की हत्या के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने के आरोप लगाए। गृह मंत्री ने मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जमीनी धोखाधड़ी के भी कई मामले गृह मंत्री अनिल विज के सामने आए जिनपर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। यमुनानगर निवासी परिवार ने उनकी खेती की जमीन फर्जी कागजात बनाकर रिश्तेदारों द्वारा हड़पने की शिकायत दी जिसपर मंत्री विज ने एसपी यमुनानगर को केस की जांच कर मामला दर्ज करने के निर्देश दिए।

## न्यूज फ्लैश

### मुरलीधर डीएवी स्कूल में मनाया गया एड्स दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**मुरलीधर** डी ए वी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। 29 नवम्बर को विद्यालय के 50 छात्रों ने एड्स का प्रारूप लेकर अंग्रेजी के अक्षर अक्‍क्षर लिखकर इस भयानक बीमारी से सतर्क रहने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य व (सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, जाने-डी) डॉ आर आर सूरी जी ने छात्रों को इस भयंकर बीमारी से बचने के उपाय बताये। 1 दिसम्बर को स्कूल की प्रार्थना सभा में डॉ ममता ने छात्रों को एच आई वी -एड्स के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इस से बचने के उपाय बताये व अपने आस-पास के लोगों व रिश्तेदारों को इस से सतर्क रहने का संदेश देने को कहा। लगभग 600 छात्रों ने लाल रिबन के एड्स के चिन्ह लगाए। ये सब गतिविधियां विद्यालय के इको क्लब के इंचार्ज श्रीमती वनिता महाजन, श्री पराग रेलन व श्री रोहित के सहयोग से पूर्ण हुई। श्री पराग ने छात्रों को एड्स के टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1097 से अवगत कराया।

### 'आपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत पानीपत पुलिस ने 97 गुमशुदा बच्चों व वयस्कों की तलाश करके परिजनों से मिलवाया"

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पुलिस महानिदेशक** हरियाणा शत्रुजीत कपूर के निदेर्शानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राज्य अपराध ब्यूरो ओपी सिंह के निर्देशन में दिनांक 01 नवम्बर 2023 से 30 नवम्बर 2023 तक जिला पानीपत सहित पूरे प्रदेश में गुमशुदा बच्चों व वयस्कों की तलाश करने व उनको उनके परिजनों से मिलवाने हेतु एक स्पेशल अभियान ह्लआपरेशन मुस्कान ह्व चलाया गया था। पुलिस अधीक्षक पानीपत श्री अजीत सिंह शेखावत के कुशल मार्गदर्शन में कार्य करते हुए पानीपत पुलिस द्वारा भी अभियान को सफल बनाने के लिए अभियान के दौरान पूरे जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से लापता हुए 28 बच्चों व 69 वयस्क महिला व पुरूषों की तलाश करके उनके परिजनों के हवाले किया गया है। इस अभियान के दौरान पानीपत पुलिस द्वारा लापता हुए बच्चों को तलाश करके बाल कल्याण समिति के सम्मुख पेश करके काउंसलिंग करवाई गई और उनके परिजनों के हवाले किया गया। साथ ही गुमशुदा वयस्कों को खोजकर उनके ब्यान अंकित कराए गए और उनको भी उनके परिजनों को सौंपा गया। इसके साथ ही बाल मजदूरी कर रहे 25 बच्चों को रेस्क्यू कर परिजनों व बच्चों की बाल कल्याण समिति के समुख काउंसलिंग करवाई। काउंसलिग उपरांत बच्चों को परिजनों के हवाले करते हुए उन्हे स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा व उनके भविष्य के मध्यनजर उच्च अधिकारियों के निदेर्शानुसार पानीपत पुलिस द्वारा आपरेशन मुस्कान चलाया गया। इस दौरान पानीपत पुलिस की टीमों ने 97 बच्चों व वयस्क लोगों को खोजकर उनकों स्वजनों से मिलवाने का बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। किसी भी कारण से किसी परिवार का बच्चा या वयस्क व्यक्ति उनसे बिछड़ जाता है तो इस प्रकार के अभियानों के तहत गुमशुदा बच्चों व वयस्क लोगों की तलाश करके उनके परिवारों को खुशी लौटाई जाती है। इसके अलावा जो बच्चे अनाथ हैं या उनके माता-पिता के बारे में कोई जानकारी नही है, तो ऐसे बच्चों के परिजनों के बारे पता लगाने का प्रयास किया जाता है। अन्यथा ऐसे बच्चों को बाल गृह (सेल्टर होम) में भेज दिया जाता है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि यह एक सराहनीय कार्य है। इसके तहत हमें किसी परिवार को उनकी खुशियां लौटाने का अवसर मिलता है।

### वृद्धावस्था सम्मान समारोह एवं जनसंवाद कार्यक्रम होगा 4 दिसंबर को डीसीआरयूएसटी में

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**दीनबंधु** छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल (डीसीआरयूएसटी) में 4 दिसंबर को वृद्धावस्था सम्मान समारोह एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री मनोहर लाल शिरकत करेंगे। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।
वृद्धावस्था सम्मान समारोह एवं जनसंवाद कार्यक्रम के आयोजन के लिए तैयारियों के दृष्टिगत उपायुक्त कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह समारोह विशेष रूप से वृद्धावस्था पैंशनरों को समर्पित है। समारोह में वृद्धावस्था पैंशन के लाभार्थी हिस्सा लेंगे, जिनके साथ मुख्यमंत्री संवाद करेंगे।
उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बुजुर्गों की पैंशन आगे बढकर बनवाई जा रही है। बहुत से वृद्धजन ऐसे हैं जिनकी पैंशन आयु पूर्ण करने के साथ ही मात्र एक माह के भीतर बनवाई गई है।

# एचआईवी संक्रमण से बचाव हेतू एडस दिवस पर पुलिस ने किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) पुलिस** अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा के निदेर्शानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अम्बाला पूजा डाबला के नेतृत्व मे अम्बाला पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों की भलाई एवम स्वास्थ्य को मध्यनजर रखते हुए समय-समय पर विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया जाता है जिससे पुलिस अधिकारी/कर्मचारी अपने स्वास्थ्य की निशुल्क जाँच



करवा सकें और स्वस्थ्य रह कर अपने कर्तव्य का पालन सच्चीनिष्ठा व ईमानदारी से कर सके। इसी कड़ी के दौरान 01 दिसम्बर 2023 को विश्व एडस दिवस अभियान के दौरान आज जिला पुलिस लाईन अम्बाला में पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को एच0आई0वी0 संक्रमण से बचाव हेतू जागरूक करने के पुलिस हस्पताल अम्बाला शहर से डा0 मीनू ने इस कार्यक्रम मे एडस से सम्बन्धित जानकारी दी । इस स्वास्थ्य कार्यक्रम में लगभग 100 पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया।इस स्वास्थ्य कार्यक्रम में पुलिस हस्पताल अम्बाला शहर से श्रीमती डा0 मीनू ने उपस्थित पुलिसअधिकारियों/कर्मचारियों को एडस संक्रमण से बचाव हेतू सावधानियाँ बरतने एवम संक्रमण के लक्षणों बारे अगवत कराया। इस दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य की जाँच के सम्बन्ध मे डाक्टर से जानकारी प्राप्त की।

# खरखौदा के विकास हुड्डा इंकम टैक्स विभाग में बतौर आइटीओ हुए पदोन्नत

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा:** शहर वासी विकास हुड्डा इंकम टैक्स विभाग में बतौर आइटीओ पदोन्नत हुए हैं। अपनी पदोन्नती को लेकर उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में उन्होंने इंकम टैक्स विभाग में बतौर ज्वाइन किया था। श्रीनगर व गुरुग्राम में वह अपनी सेवाए देते आ रहे थे। उन्होंने बताया कि उनके निदेशालय की ओर से आयोजित की गई परीक्षा को उन्होंने पहले भी पास किया हुआ था। वहीं अब इस वर्ष फिर से हुई परीक्षा को भी उन्होंने अच्छे अंकों से पास किया, जिस पर अब उन्हें विभाग ने पदोन्नति देते इंकम टैक्स आफिसर के पद पर तैनात किया है, जिसे लेकर जल्द ही उन्हें स्टेशन भी मुहैया करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले वह वायु सेना में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं, वर्ष 1998 में उन्होंने एनडीए के माध्यम से यह नियुक्ति पाई थी, जिसमें वह 2018 तक अपनी सेवाएं देकर सेवानिवृत्त हुए थे। अब वह बीते छह वर्ष से आयकर विभाग में सेवारत हैं। आइटीओ के पद पर पदोन्नति होने पर शहर वासियों ने भी विकास हुड्?डा को शुभाकमनाएं देते हुए उन्हें इस पदोन्नति की बधई दी हैं।

# 'एड्स को लेकर हर उम्र के लोगों के बीच जागरूकता बढ़ानी है: डॉ. अजय कुमार गर्ग

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**जी.टी.** रोड स्थित स्थानीय आई. बी.पी.जी. महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब, एनएसएस यूनिट, एनसीसी यूनिट और संस्कारशाला क्लब द्वारा विश्व एड्स जागरूकता दिवस मनाया गया "एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना" थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, अन्य स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों द्वारा शपथ दिलवाई गई । उन्होंने यह कहा विश्व एड्स दिवस को मनाने के पीछे का उद्देश्य एड्स को लेकर हर उम्र के लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है । भारत सन



1988 से 1 दिसंबर को विश्व एडस दिवस मनाता आ रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य मानव यौन संचारित रोगों से युवा पीढ़ी को जागरुक करते हुए मुक्ति दिलाना और समाज को सशक्त करना है । अगर युवा पीढ़ी जागरूक हो जाए तो इस घातक बीमारी से अपने जीवन को बचा सकते हैं और दूसरों को भी सुरक्षित जीवन जीने के लिए प्रेरित कर सकते हैं एड्स जागरूकता के विषय पर सभी लोगों को एड्स के प्रति जानकारी होना अति आवश्यक है।

# हिन्दू धर्म में गऊ को दिया गया है सबसे बड़ा दर्जा: प्रेम सिंह

**पानीपत, कमाल हुसैन**

**इनेलो** के प्रधान महासचिव हरियाणा किसान सैल चौधरी प्रेम सिंह भालसी की अध्यक्षता में बतौर मुख्य अतिथि शिव गऊशाला नारा में वार्षिक प्रोग्राम किया गया। इस दौरान चौधरी प्रेम सिंह भालसी ने बताया कि हिन्दू धर्म में गऊ को सर्वश्रेष्ठ माना गया है, गऊ सेवा से बड़ा कोई काम नही। इसीलिए गाय को माता का दर्जा दिया गया ' गाय माता को घर में रखने से बहुत बीमारियो से छुटकारा भी मिलता है और परिवार के लिए गाय का घी दूध सबसे अच्छा उपयोगी है गाय की गोबर खेत में गिरने पर हमारे खेत की जमीन भी शक्तिशाली बन जाती है ।

# अंबाला: रोड पर बस व डंपर की हुई भिड़ंत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला में बस और टिप्पर की सीधी भिड़ंत हो गईए जिसमें कुछ लोगों को चोटें आई। हादसा अंबाला-नारायणगढ़ रोड पर गांव पंजोखरा के पास हुआ। जानकारी के मुताबिकए प्राइवेट बस अंबाला सिटी से नारायणगढ़ जा रही थी। जैसे ही गांव पंजोखरा के पास पहुंची तो टिप्पर से टक्कर हो गई। हादसे में कई सवारियों को चोट आईए जिन्हें इलाज के लिए तुरंत एंबुलेंस की मदद से अंबाला सिटी सिविल अस्पताल पहुंचाया गया है। यहां घायलों का इलाज चल रहा है। इनमें से एक महिला की गंभीर हालत को देखते हुए जीएमसीएच

**घटना**

**8 लोगों का कहना था कि अंबाला नारायणगढ़ रोड़ पर डंपरों की आवाजाई ज्यादा होती है।**

सेक्टर.32 चंडीगढ़ रेफर किया गया है। इस हादसे के बाद रोड पर जाम की स्थिति बन गई। हालांकि पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है। गौरतलब है कि अम्बाला से नारायगढ़ रोड सिंगल रोड है। लेकिन इसके बावजूद इस रूट पर ट्रैफिक अधिक रहता है। जिसके कारण आए दिन हादसें होते ही रहते है। वहीं रात के समय में यहां पर लाइटें भी नहीं लगी है। जिसके कारण दो पहियां वाहनों को भी परेशानी होती है। सड़क कई जगह से टूटी भी हुई है। लेकिन विभाग ने अभी तक इसको रिपेयर नहीं करवाया है। लोगो का कहना है कि इस मार्ग के बीच में डिवाइडर होना चाहिए। जिससे हादसों में कमी लाई जा सके। जिससे लोगो के जान माल को बचाया जा सके। गौरतलब है कि यह मार्ग हरियाणा को हिमाचल, पंजाब व उत्तराखण्ड से जोड़ता है। जिसके चलते यहां पर भारी ट्रैफिक रहता है। लेकिन सड़क पर पुख्ता इंतजाम न होने के कारण आए दिन यहां पर हादसे होते है। कुछ समय बाद क्रेन को बुलाया गया और बस को सड़क से हटाया गया। बस हादसा इतना भयंकर था कि बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। यह भी बताया जा रहा है कि हादसे के बाद से ही डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

इस हादसे के बाद बस में बैठी सवारियां सहम गई। लोगों ने तुरंत अपने परिजनों को फोन किए और हादसे की सूचना दी। कई यात्रियों के परिजन भी मौके पर पहुंचने और अपने परिजनों की खोज खबर में जुट गए। वहीं लोगों का कहना था कि अंबाला नारायणगढ़ रोड़ पर डंपरों की आवाजाई ज्यादा होती है।

# 'पीएम की पहल पर महिलाओं को धुएं से मुक्त करने का बीड़ा उठाया गया'



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**जिस** महिला के नाम जिला में कोई भी गैस कनेक्शन नहीं है उन्हें उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन उपलब्ध करवाया जाएगा। यह बात भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद के तहत शनिवार को गांव गोयला खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को संकल्प शपथ दिलाते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर महिलाओं को धुएं से मुक्त करने का जो बीड़ा उठाया गया है उसी के तहत उज्ज्वला योजना के तहत कनेक्शन दिए जा रहे हैं। जिला की कोई भी महिला जिसके नाम पर कोई गैस कनेक्शन नहीं है वह इसके तहत आवेदन दे सकती है और उसे गैस कलेक्शन निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा। डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए भी केंद्र व प्रदेश की सरकार दिन प्रतिदिन नई-नई योजनाएं ला रही है। इसी के तहत जो महिला स्वयं सहायता समूह के तहत ऋण लेना चाहती हैं,उनका रजिस्ट्रेशन करवाया जाएगा। उन्हें अपना स्वयं का कारोबार स्थापित करने के लिए बैंकों से ऋण स्वीकृत करवा कर उनका स्वरोजगार स्थापित करवाने में सरकार की ओर से पूरी मदद की जाएगी। डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि जितने भी विभाग इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में अपनी स्टॉल लगाते हैं, वे किसी का भी आवेदन स्वीकार करने में कंजूसी ना बरतें। सभी के आवेदन लें और उनकी रुकावटों को भी दूर करें। डॉ अर्चना गुप्ता का गांव गोयला खेड़ा में पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से जिला परिषद के सीईओ विवेक चौधरी और बीडीपीओ शक्ति सिंह ने बुके देकर स्वागत किया। ग्राम पंचायत की ओर से डॉक्टर अर्चना गुप्ता को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और उन्हें गांव की समस्याओं से भी अवगत कराया गया। इस दौरान डॉ अर्चना गुप्ता ने गांव के सरपंच को अभिनंदन पत्र भी दिया। उन्होंने गांव के विभिन्न उत्कृष्ट व्यक्तियों और महिलाओं के साथ-साथ मेधावी विद्यार्थियों इत्यादि को भी सम्मानित किया।

# 'विकसित भारत के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं पीएम'

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के माध्यम से सरकार हर गरीब व्यक्ति तक पंहुच रही है और उन्हें सरकार की योजनाओं से अवगत करवा रही है। इस यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों का फीडबैक भी लिया जाएगा और जो पात्र व्यक्ति बच गए हैं उन्हें भी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। यह बात भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विधु रावल ने गांव जलमाना व गोयलाखेड़ा में शनिवार को विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के गांव में पंहुचने पर आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर



विकास के रास्ते पर देश को लेकर जा रहे हैं । योजनाओं को धरातल पर पंहुचाने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करना है और उन योजनाओं का लाभ भी पात्र लोगों को दिलवाना है। यह यात्रा प्रत्येक गांव में पंहुचेगी और पात्र लोगों को लाभ प्रदान करेगी। विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के कार्यक्रम के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों की स्टाल भी लगाई गई। जिन पर अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बंधित सरकार द्वारा जनहित में शुरू की गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में हैल्पडेस्क भी स्थापित किया गया था। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश भी सुनवाया गया। यही नहीं कार्यक्रम में गांव के प्रतिष्ठित लोगों, उत्कृष्ठ कार्य करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के मौके पर प्रदेश प्रवक्ता विधु रावल ने संकल्प शपथ भी लोगों को दिलवाई और अपील की कि सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लें। इस अवसर पर सरपंच द्वारा सभी को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए।

# हरियाणा की जनता अब बदलाव चाहती है: अनिल पाण्डेय

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत** विधानसभा समालखा ब्लॉक प्रभारी का अतिरिक्त पदभार मिलने के उपरांत आम आदमी पार्टी हरियाणा के लोकप्रिय नेता अनिल पाण्डेय (पानीपत ग्रामीण) ने तत्काल में समालखा और देहरा गांव में पदाधिकारियों और सदस्यों का निरिक्षण करके उन्हें आईडी कार्ड देकर और फूल माला पहनाकर पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए जनहित कार्यों को लेकर शपथ दिलाया। उन्होंने बताया कि हरियाणा की जनता अब बदलाव चाहती है और हमारे सभी कार्यकर्त्ता और पदाधिकारी घर घर जाकर पार्टी की नीतियों को बिखेरेंगे हर गांव और शहर नगर में पार्टी की नीतियों को जनता पसंद कर रही है. पाण्डेय ने बताया की हरियाणा में आने वाले 2024 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की सरकार जनता बनाने को लालइत है. और यह भी बताया की बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य ये सभी मूलभूत आवश्यकतायें जनता को सीधे लाभ पहुँचाती हैं और जनता को ये सब मुफ्त और बेहतर दिलाना सरकार का कर्तव्य है और इस कर्तव्य का निर्वहन सिर्फ आम आदमी पार्टी ही कर सकती है. अनिल पाण्डेय ने यह भी बताया कि हरियाणा का किसान जवान मौजूदा सरकार से पूरी तरह परेशान है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों का आर्थिक उत्थान: विधायक राजेश नागर

**शिरकत**

**8 विधायक राजेश नागर ने गांव भास्कोला में भारत जन संवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम में की शिरकत**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।** तिगांव के विधायक राजेश नागर ने कहा कि जहाँ-जहाँ यह मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जाएगी वहां वहां लोगों की समस्याओं को तुरंत समाधान किया जाएगा। तिगांव विधायक राजेश नागर आज फरीदाबाद के भास्कोला गांव के राजकीय स्कूल में विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। विधायक राजेश नागर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि जो भी व्यक्ति इन योजनाओं से सम्बन्ध रखता है, उन्हें योजना का लाभ यदि किसी कारणवश नहीं मिला है, तो उनका मौके पर ही फार्म भरवाकर उन्हें योजना का लाभ दिलाया जा सके। यह यात्रा यह यात्रा जिला के प्रत्येक गांव व शहरी वार्डों में जाकर केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही हैं, उस बारे लोगों को जानकारी उपलब्ध करवाएगी। केंद्र सरकार की ओर से शुरू किया गया देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को देश की जनता भागीदार बनकर साकार करेगी। बता दें कि इस अभियान के तहत सरकार की जनकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

यह यात्रा समाज के विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। इस यात्रा के दौरान गरीब वर्गों के लोगों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग के लोगों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की स्कीम की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी। ताकि उनके स्कीमों के प्रति जागरूकता पैदा हो और वे इनका लाभ उठा सकें। इस यात्रा के माध्यम से युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार व अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी जा रही है। यदि किसी का आयुष्मान कार्ड, बीपीएल कार्ड, परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता या अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं बनी है तो उनका मौके पर ही विभागों द्वारा पंजीकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं द्वारा देश भक्ति और हरियाणवी नृत्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और नमो दीदी ड्रोन भी ग्रामवासियों को उड़ाकर दिखाया गया।

# गांव जुंहेड़ा की एम्स डिस्पेंसरी में जल्द होगी नियमित स्टाफ की नियुक्तिः कार्तिकेय शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।** फरीदाबाद के गांव जुंहेड़ा में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा की अध्यक्षता में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस जन संवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों द्वारा राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा के समक्ष गांव में एम्स की डिस्पेंसरी में नियमित स्टाफ की मांग की थी।

सांसद श्री शर्मा ने ग्रामवासियों की इस समस्या के संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया से मुलाकात कर इस समस्या का समाधान करने का आग्रह किया गया। मुलाकात के दौरान सांसद श्री कार्तिकेय शर्मा ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा के दौरान उन्हें मांग पत्र भी दिया। जिस पर



स्वास्थ्य मंत्री ने गांव की एम्स डिस्पेंसरी में नियमित स्टाफ भेजने का भरोसा दिया है व अधिकारियों को निर्देश देकर इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने को कहा। बता दें कि 15 नवंबर को फरीदाबाद के पृथला विधानसभा के पांच गांव में सांसद कार्तिकेय शर्मा मुख्यमंत्री के विशेष दूत बनकर लोगों के बीच जन संवाद करने पहुंचे थे। जहां गांव जुंहेड़ा के लोगों ने यह मांग रखी थी। जिस पर सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा था कि वह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर इस मांग को पूरा करवाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### एस्टर अपने भारत और जीसीसी कारोबारों को अलग करेगा

**नोएडा/टीम एक्शन इंडिया**

जीसीसी और भारत में सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते इंटीग्रेटेड हेल्थकेयर सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक एस्टर डीएम हेल्थकेयर (एस्टर) को आज अपनी सहायक कंपनी एफि निटी होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड ("एफि निटी") से बोर्ड की मंजूरी और अनुमोदन प्राप्त हुआ है। इसके निदेशक मंडल ने भारत और जीसीसी व्यवसायों को दो अलग और स्टैंडअलोन संस्थाओं में अलग कर दिया है।

विभाजन योजना के तहत, एफिनिटी ने एस्टर के जीसीसी व्यवसाय में निवेश करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात में मुख्यालय वाली एक संप्रभु स्वामित्व वाली निजी इक्विटी फर्म फज्र कैपिटल के नेतृत्व में निवेशकों के कंसोर्टियम के साथ एक निश्चित समझौता किया है।

### गंभीर बीमारी से जूझ रही 16 साल की रवीना को शारदा हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने दिया नया जीवन

**ग्रेटर नोएडा/टीम एक्शन इंडिया**

मरीजों की देखभाल और सुरक्षा के प्रति अपने अटूट समर्पण के लिए प्रसिद्ध स्वास्थ्य सेवा संस्था, शारदा हॉस्पिटल ने एक बार फिर चिकित्सा इतिहास में एक नया अध्याय लिखा है। शारदा हॉस्पिटल में प्रोफेसर रवि काले (बाल सर्जन) और डॉ. आशीष मौदगिल के नेतृत्व में सर्जनों की एक टीम ने छह घंटों तक चली लंबी सर्जरी के बाद 13 सेमी का एक बड़ा दुलर्भ ट्यूमर निकाल कर बच्ची को नया जीवन दिया है।

मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली रवीना विश्वास के घर वालों ने बताया कि पिछले कुछ समय से रवीना को पेट के बाईं ओर दर्द हो रहा था और पेट में बड़ी सी रसौली महसूस हो रही था।

### जी20 से परे चाइल्ड केयर बने प्राथमिकता - स्थानीय से लेकर वैश्विक स्तर के संदर्भ में

**नोएडा/टीम एक्शन इंडिया**

फोर्सेस (फोरम फॉर क्रेच एंड चाइल्ड केयर सर्विसेस) ने महिला सशक्तिकरण पर परिचर्चा के दौरान स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर चाइल्ड केयर को एक महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी), नई दिल्ली में 'जी20 से परे चाइल्ड केयर बने प्राथमिकता (स्थानीय से लेकर वैश्विक स्तर के संदर्भ में)' शीर्षक से अपनी दूसरी सलाहकार बैठक का आयोजन किया।

भारत ने इस साल की शुरूआत में इंडोनेशिया से जी20 अध्यक्षता हासिल की है, फोर्सेस ने इस अवसर का उपयोग जी20 नेताओं का ध्यान चाइल्ड केयर सेवाओं में उचित निवेश को प्राथमिकता देने की जरूरत की ओर आकर्षित करने के लिए किया।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अबतक क्या हासिल किया गया है ये पता करना और उन अगले संभावित कदमों पर विचार करना था, जो पिछड़े वर्ग की महिलाओं के आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए जरूरी रूप से आवश्यक नीतिगत हस्तक्षेप के रूप में देखभाल अर्थव्यवस्था में निवेश को रेखांकित करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए फोर्सेस के लिए जरूरी होंगे।

अपने मुख्य भाषण में, डा. शमिका रवि, सदस्य, आर्थिक सलाहकार परिषद, प्रधानमंत्री कार्यालय, ने कहा, ह्लयह भारत के लिए एक व्यापक चाइल्ड केयर नीति विकसित करने का एक उपयुक्त समय है। सफलता की कुंजी अनुभवयुक्त ज्ञान का उपयोग करने, डेटा का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने और सरकार, थिंक टैंक और हितधारकों के विभिन्न स्तरों पर चाइल्ड केयर की अवधारणा को बढ़ावा देने में छिपी है। सुश्री चिराश्री घोष, को-ऑर्डिनेटर, फोर्सेस, ने कहा, ह्लचाइल्ड केयर में प्रमुख मुद्दों को संबोधित करने के लिए रास्ता तैयार करने के लिए एक सामूहिक प्रक्रिया जरूरी है। आज के परामर्श ने एक रणनीतिक रोडमैप के लिए दरवाजे खोल दिए हैं, जो स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नीति की वकालत करने के लिए प्रमुख मुद्दों की साक्ष्य-आधारित पहचान का उपयोग करेगा, और कई हितधारकों के बीच ज्ञान के अंतर को कम करेगा।

### कोटक ने लॉन्च किया 'ग्लोबल सर्विस अकाउंट'

**नोएडा/टीम एक्शन इंडिया**

कोटक महिंद्रा बैंक ("केएमबीएल"/ "कोटक") ने सर्विस एक्सपोर्ट सेक्टर की बैंकिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए 'ग्लोबल सर्विस अकाउंट' लॉन्च किया है।

यह अकाउंट चालू खाते के रूप में काम करेगा। यह एक अनूठी बैंकिंग सेवा है जोकि बिजनेसेस को अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति दर्ज कराने में मदद करेगी, क्लाइंट्स एवं कर्मचारियों को विभिन्न उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान करेगी। ग्लोबल सर्विस अकाउंट में हर ग्राहक के लिए एक समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर होगा।

# विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा" के लिए 50 दिन का खाका तैयार

**संकल्प यात्रा**

**8 एडीसी ने कहा, केंद्र व प्रदेश स्तर पर हो रही मोनिटरिंग, कोई भी विभाग न बरते कोताही**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।** एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि देशभर के जिलों में केंद्र सरकार व प्रदेश सरकारों के सहयोग से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन के लिए आगामी 50 दिन का खाका तैयार कर लिया गया है। जिसके माध्यम से आमजन तक केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। तथा भावी लाभार्थियों को चयनित कर उन्हें योजना का लाभ देने का कार्य किया जाएगा। इस यात्रा की केंद्र व प्रदेश के स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। कोई भी विभाग इस कार्य में कोताही न बरते। तथा अपनी जिम्मेदारियों का क्रियान्वयन सही तरीके से समयनुसार करना सुनिश्चित करें। एडीसी आनंद शर्मा ने आज शनिवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर संबंधित विभागों की बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रचार वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं जो जिला में गाँव-गाँव व शहर के वार्डों में जाकर आमजन को केंद्र व प्रदेश की नीतियों से रूबरू करवाएँगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियां पूरी रखें। शहरी क्षेत्र में इस कार्य की मॉनिटरिंग निगम आयुक्त करेंगे व ग्रामीण क्षेत्र में सीईओ जिला परिषद द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी मॉनिटरिंग करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि गांव तथा शहरों के वार्डों का क्लस्टर व रूट बनाकर जन भागीदारी ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित की जाए। जिस स्थान पर प्रचार वाहन जाए, वहां मौके पर ही स्वास्थ्य जांच, परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने, आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, अंत्योदय योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम स्वनिधि, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना आदि का लाभ मौके पर मौजूद पात्र व्यक्तियों को देना सुनिश्चित करें। एडीसी ने कहा कि जहां पर भी केंद्र सरकार की ओर से भेजा गया प्रचार वाहन पहुंचे, वहां पर उसका स्वागत किया जाए। उसके बाद प्रधानमंत्री का संदेश प्रेषित होगा और उपस्थित लोगों से विकसित भारत का संकल्प भी लिया जाएगा। प्रदेश व केंद्र की योजना के लाभ पात्रों को भी वहां पर बुलाया जाए।

# रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने वंडर सीमेंट क्रिक्रेट अकादमी उदयपुर को हराया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** 8३ँ ऑल इंडिया रविंद्र फागना व-15 सेमी फाइनल क्रिकेट टूनामेंट रविंदर फागना क्रिक्रेट भूमि ग्राउंड फरीदाबाद पर खेला गया यह मैच रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी और वंडर सीमेंट क्रिक्रेट अकादमी उदयपुर के बीच खेला गया। इस मैच मे रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी ने वंडर सीमेंट क्रिक्रेट अकादमी को 1 विकेट से हराया , यह मैच 40 ओवर का था और रविन्द्र फागना क्रिक्रेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। वंडर सीमेंट क्रिकेट अकादमी ने पहले बैटिंग करते हुए 37.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 144 रन का लक्ष्य दिया । वंडर सीमेंट क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए गौतम समर सोलंकी ने 34 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 28 रन बनाए। रविन्द्र फागना क्रिक्रेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए आशीष बांबी ने 8 ओवर में 1 मैडेन, 27 रन देकर 3 विकेट, तन्मय बलोदा और ऋषभ ने 2/2 विकेट, सारांश कश्यप व बादल रावत ने 1/1 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविन्द्र फागना क्रिक्रेट अकादमी ने 33.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 147 रन बनाकर जीत हासिल की। रविन्द्र फागना क्रिक्रेट अकादमी की ओर से तन्मय बलोदा ने 94 गेंदों पर 10 चौको की मदद से 67 रन बनाए।वंडर सीमेंट क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए युवराज रील ने 8 ओवर में 2 मैडेन,16 रन देकर 3 विकेट, मोहित वैष्णव ने 8 ओवर 47 रन देकर 2 विकेट, पियूष पानेरी, वंश मौर्य और कुणाल मनारिया ने 1/1 विकेट हासिल किया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच तन्मय बलौदा को घोषित किया गया।

# वाहन चोरी करने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराधिक गतिविधियो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अजय उर्फ भाट्टी है आरोपी यादव कॉलोनी बल्लबगढ़ का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा सेक्टर-12 अदालत से पुलिस प्रोडक्शन से पर लेकर पूछताछ में थाना कोतवाली के चोरी के मामले में मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

# जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित कर सरकार दे रही है सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ : एडीसी



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** एडीसी आनंद शर्मा ने कहाकि सरकार और प्रशासन द्वारा समाज के अंतिम पक्ति में खड़े व्यक्ति तक मोदी-मनोहर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। डीसी आनंद शर्मा ने आज गांव लालपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। एडीसी आनंद शर्मा ने बताया कि जहाँ-जहाँ यह ह्लमोदी की गारंटीह्व वाली गाड़ी जाएगी, वहां प्रसाशन द्वारा सभी विभागों के स्टाल भी स्थापित किए जाएँगे। मोदी सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हेल्थ कैंप, आयुष्मान/ चिरायु कार्ड, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना और किसानो को जागरूक करने के लिए विभिन्न सेवाएं लोगों के द्वार तक पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में केंद्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं व परियोजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करेगी। जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित कर सरकार द्वारा सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगो को विकसित भारत बनाने की शपथ भी दिलवाई। उन्होंने कहा कि हमारे लिये सौभाग्य की बात है कि सरकार आपके द्वार आकर वहां पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से क्रियान्वित योजनाओं के बारे लोगों को जानकारी उपलब्ध करवा रही है। आमजन के लिए परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान/ चिरायु कार्ड, पेंशन आदि से संबंधी जो कार्य है या किसी प्रकार की त्रुटियां है, उनको ठीक करने के लिए भी डेस्क लगाए गए। जिससे ग्राम वासियों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाओं का लाभ लेने में आसानी हो रही है। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से जुड़ी फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया और नमो दीदी ड्रोन ग्रामवासियों को उड़ाकर दिखाया गया।

# छात्र छात्राओं को क्राइम, महिला अपराध के संबंध में दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए महिला थाना बल्लभगढ़ प्रबंधक निरीक्षक गीता के द्वारा आर्य विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अध्यापकगण और छात्र-छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराध, साइबर क्राइम, नशे के दुष्परिणाम और डायल 112 ऐप के बारे जानकारी देते हुए जागरुक किय है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हरियाणा उदय प्रोग्राम के तहत फरीदाबाद पुलिस लगातार लोगो व बच्चो को जागरुक कर रही है। इसी के चलते आज बल्लभगढ़ के आर्य विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी



स्कूल में अध्यापकगण के साथ करीब 1800 छात्र-छात्राओं को जागरुक किया है। जिसमें इस प्रकार है-

साइबर क्राइम-

वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड मामले में देखा गया है कि आरोपी पीडितो को कुछ मिनट में ही लोन देने के लिए, घर बैठे लोन उपलब्ध करवाने का लालच देती हैं और फर्जी ऐप डाउनलोड करता दे, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढवाने के नाम पर, घर बैठे कमाने का लालच, फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगना के नाम पर,वाउचर जीतने के नाम पर,ङउ के नाम पर, बैंक कर्मी बनकर, विदेश भेजने के नाम पर,जाब दिलाने के नाम पर,अश्र्लील वीडियो कॉल रिकॉर्ड से ब्लैकमेल कर,एईपीएस इत्यादी के नाम पर लोगो के साथ साइबर फ्रॉड किया जाता है। आगर आपके साथ कोई फ्रॉड होता है तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करे। उन्हें अपने साथ हुई साइबर ठगी के बारे में जानकारी दें। साइबर टीम द्वारा साइबर अपराधियों के बैंक खातों को फ्रीज करवाने पर शिकायतकर्ता का पैसा वापस मिल जाता है ।

# देश का हर नागरिक ले भारत को विकसित बनाने का संकल्प: केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सरकार के प्रति नागरिकों के स्नेह और भागीदारी को देखते हुए, विकसित भारत संकल्प यात्रा के वाहन का नाम 'विकास रथ' से बदलकर 'मोदी का गारंटी वाहन' कर दिया गया। 'मोदी का गारंटी वाहन' अब तक 12,000 से अधिक ग्राम पंचायतों तक पहुंच चुका है, जहां लगभग 30 लाख नागरिक इससे जुड़ चुके हैं। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा में महिलाओं की भागीदारी की भी सराहना की। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री गुर्जर आज फरीदाबाद के जीवन नगर में विकसित भारत संकल्प जन संवाद यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर



मुख्य अतिथि शिरकत कर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों की जरूरतों को पहचानने और प्राकृतिक न्याय-सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के आधार पर उन्हें उनके अधिकार देने के केंद्र और प्रदेश सरकार के विजन ने नई आकांक्षाएं पैदा की हैं और करोड़ों नागरिकों में उपेक्षा की भावना समाप्त की है। जहां दूसरों से अपेक्षाएं खत्म होती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की 17 योजनाओं तथा प्रदेश की सभी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। जहाँ-जहाँ यह ह्लमोदी की गारंटीह्व वाली गाड़ी जाएगी, वहां प्रसाशन द्वारा सभी विभागों के स्टाल भी स्थापित किए जाएँगे। जिससे आमजन एक ही जगह पर सभी सरकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ ले पाए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से आमजन तक मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंचेगी। जो आमजन तक केंद्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं व परियोजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करेगी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्त्व में ही केंद्र सरकार तथा सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार देश आमजन का कल्याण व उनके आर्थिक तथा सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को साकार करेगी जनता

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से शुरू किया गया देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को देश की जनता भागीदार बनकर साकार करेगी। उन्होंने कहा कि आज नागरिकों को योजनाओं को लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे बल्कि मोदी -मनोहर सरकार लाभार्थियों के घर द्वार पर पहुंच रही है।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने उपस्थित नागरिकों को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम स्थल पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पेंशन, पिछड़ा वर्ग कल्याण, पशु पालन, कृषि सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी अवलोकन किया व उन्हें निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करना सुनिश्चित करें।

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान करेगी सुनिश्चितः शिखा आंतिल

नगर निगम की संयुक्त आयुक्त शिखा आंतिल ने बल्लभगढ़ के अग्निशमन कार्यलय पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस यात्रा के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं को पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह यात्रा समाज के विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है।

इस यात्रा के दौरान गरीब वर्गों के लोगों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग के लोगों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की स्कीम की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी। ताकि उनके स्कीमों के प्रति जागरूकता पैदा हो और वे इनका लाभ उठा सकें। इस यात्रा के माध्यम से युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार व अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी जा रही है।

यदि किसी का आयुष्मान कार्ड, बीपीएल कार्ड, परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता या अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं बनी है तो उनका मौके पर ही विभागों द्वारा पंजीकरण किया जा रहा है।

आदर्श रसोई सप्ताह 35वां

# ' राकेश भारद्वाज चौक' पर आदर्श रसोई ने धूमधाम से मनाया गुरू पर्व

## अतिथियों ने रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत, आदर्श रसोई ने किया अतिथियों का जोरदार स्वागत















**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**आदर्श नगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "राकेश भारद्वाज चौक" पर धूमधाम से आदर्श रसोई के दूसरे वर्ष के 35वें रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधिवत रूप से अतिथियों ने रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत। अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार आदर्श रसोई में राकेश भारद्वाज चौक पर गुरू पर्व मनाया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में संरक्षक सिकंदर पाल मखीजा, उपप्रधान तरसेम सिंह, मजलिस पार्क आरडब्ल्यूए के कोषाध्यक्ष नीरज कपूर मौजूद रहे।


### अतिथियों ने रिबन काटकर किया रसोई का शुभारंभ

अतिथियों ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। रिबन काटने के बाद श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे का स्वागत किया और फूलों की माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

### क्या बोले चेयरमैन मोहन गर्ग

इस विशेष मौके पर आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग ने कहा कि आदर्श रसोई की सबसे बढ़िया बात है कि आदर्श रसोई सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ अपनी धर्म और संस्कृति को बढ़ावा देने वाले कार्यों को निरंतर रूप से करती आ रही है। इसी कड़ी में आदर्श रसोई के गुरू पर्व का उत्सव धूमधाम से मनाया गया।





### आदर्श रसोई के कार्य सराहना के योग्य: सिंकदर पाल मखीजा

आदर्श रसोई के संरक्षक सिंकदर मखीजा ने सभी पदाधिकारियों को गुरू पर्व पर बधाई देते हुए कहा कि आज आदर्श रसोई के द्वारा बड़े ही भव्य रूप में गुरू पर्व मनाया गया है। मैं सभी को गुरू पर्व की बधाई देता हूं। आदर्श रसोई समाज में बेहतरीन कार्य कर रही है। ऐसी सामाजिक संस्थाओं की आज के समय में बेहद जरूरत है जोकि निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध करा रही है। मैं आदर्श रसोई की पूरी टीम को बधाई देता हूं।

### उपप्रधान तरसेम सिंह और नीरज कपूर का हुआ अभिनंदन


इस दौरान आदर्श रसोई के सदस्यों ने कार्यक्रम में बतौर अतिथि शामिल हुए आदर्श रसोई के उपप्रधान तरसेम सिंह और मजलिस पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नीरज कपूर का भव्य अभिनंदन किया गया। वहीं, अतिथियों ने कहा कि हम सभी आदर्श रसोई से शुरू से जुड़े हुए हैं और हम यह गर्व से कह सकते हैं कि आदर्श रसोई निःस्वार्थ रूप से सेवा का कार्य कर रही है। पूरी टीम बधाई की पात्र है। इस प्रकार के कार्य सभी को अपने-अपने क्षेत्र में करने चाहिए।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ट, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया।














# स्वतंत्र नगर : जलभराव से लोग परेशान, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली** के बांकनेर गांव से बवाना रोड को जोड़ने वाली गोंडा रोड की सड़क पर उचित जल निकासी व्यवस्था ध्वस्त है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण घरों का पानी मुख्य सड़क पर बहता है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से हमेशा सड़क पर जलभराव रहता है। इससे पैदल राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लंबे अरसे से इस ज्वलंत समस्या का दंश झेल रहे स्थानीय निवासियों ने बार-बार उच्च अधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। बांकनेर से



बवाना रोड को जोड़ने वाली सड़क पर लंबे समय से जलभराव हो जाने से वाहन चालकों व राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चे आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं,उनकी ड्रेस भी गंदी हो जाती है। वही दुपहिया वाहन चालक चालकों को पानी भरा होने के कारण सड़क पर बने गड्ढे दिखाई नहीं देते जिससे वह गड्ढों में गिरकर हादसों का शिकार हो रहे हैं। बांकनेर रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुंदरलाल खत्री ने बताया कि गोंडा रोड़ सड़क पर लंबे समय से पानी निकासी नहीं होने से सड़क पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। पानी निकासी नहीं होने का मुख्य कारण सड़क के साथ बने नाले का नाले की नियमित रूप से सफाई नहीं होना है। नाले में क्षमता से अधिक पानी एकत्रित होने पर ओवरफ्लो होकर सड़क पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। स्थानीय निवासी अशोक ने बताया कि जलभराव के चलते राहगीरों को गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। वही दुपहिया वाहन चालक आए दिन गिरकर हादसों के शिकार हो रहे हैं। इसके बावजूद भी कोई जिम्मेदार सुध नहीं ले रहा है। सफाई कर्मी आते हैं लेकिन खानापूर्ति करके चले जाते हैं। इसकी शिकायत कई बार जनप्रतिनिधि से लेकर उच्च अधिकारियों से करने के बाद भी इस परेशानी से निजात नहीं मिल पा रही है।

लोगों की मांग है कि इस समस्या का जल्द स्थाई समाधान होना चाहिए।



**दिनेश भारद्वाज, निगम पार्षद, बांकनेर वार्ड-2: समस्या** संज्ञान में है। और नाले की कई बार जेसीबी मशीन से नाले में जमा गाद निकालकर सफाई की गई है। सफाई कर्मी भी नियमित रूप से नालियों की सफाई कर रहे हैं। समस्या की मुख्य वजह स्वतंत्र नगर में बड़ी संख्या में लोग पशुपालन के व्यवसाय से जुड़े हैं जिनका गोबर वो नालियों में बहा देते हैं। इस कारण नाले में ओवरफ्लो की समस्या बनी रहती है। समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।

# चंद्र भानु शर्मा देश की धरोहर हैं: प्रवेश साहिब सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रसिद्ध व्यंग्य** साहित्यकार एवं शिक्षाविद् डॉ. चंद्र भानु शर्मा की सद्य प्रकाशित व्यंग्य पुस्तक मैं हूं चौकीदार का लोकार्पण आज नई दिल्ली में जनपथ स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के उमंग सभागार में शिक्षाविद् गांधीवादी विचारक एवं चिंतक एवं लेखक डॉ. दयानंद वत्स भारतीय, विनोद कुमार बब्बर, सर्वेश शर्मा, हीरालाल बाल्यान, ओमप्रकाश सपरा, राकेश शर्मा, बृजेश शर्मा के सान्निध्य में मुख्य अतिथि पश्चिमी दिल्ली से लोकसभा सांसद प्रवेश साहिब सिंह और समारोह की अध्यक्षता कर रहे पत्रकार पद्मश्री राम बहादुर राय ने अपने कर कमलों द्वारा किया।

# आजादपुर चौक पर यातायात में बाधा डाल रहें ई-रिक्शा चालक, प्रशासन बैठा मौन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/महेंद्र सिंह**
**देश** की राजधानी दिल्ली में यातायात जाम की वजह अतिक्रमण, संकरी सड़कें, क्षतिग्रस्त रास्ते, बेतरतीब पार्किंग और अवैध रूप से सड़कों पर दौड़ रहे शेयरिंग ऑटो रिक्शा को माना जाता था। लेकिन अब इनमें ई-रिक्शा का नाम भी जुड़ गया है। नियम तोड़ने की आदतों ने इन्हें दिल्ली के लिए नासूर बना दिया है। बेलगाम ई-रिक्शा जाम का नया कारण बन गए हैं। यहां पर हम बात कर रहें है आदर्श नगर थाना क्षेत्र स्थित आजादपुर चौक की। जहां पर इन ई-रिक्शा वालों ने इस कदर गदर मचा रखा है कि गाडी वालों का निकलना तो दूर की बात है पैदल चलने वाले लोगों का निकलना भी दूभर कर दिया है। ऑटो और ई-रिक्शा वालों का अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। आलम यह है कि अब रोड पर लोगों का चलना मुश्किल हो गया है।







**आदर्श नगर पुलिस थाना, फिर भी बेखौफ भरते है फर्राटा:** आपकी जानकारी के लिए बतादें कि आजादपुर चौक लाल बत्ती की चंद कदमों की दूरी पर ही आदर्श नगर पुलिस थाना होने के बाद भी यह ई-रिक्शा व शेयरिंग ऑटो चालकों का यह चौराहा टैक्सी स्टेन्ड बन गया है, जहां यह लोग अपनी मनमर्जी करते है व सडक के बीच में ही रिक्शा खडा करके सवारी बिठाते व उतारते है, जिससे न कि यातायात बाधित होता है बल्कि लोगों की जान से भी खिलवाड़ किया जा रहा है।

**लगाम कसने में संबंधित प्रशासन विफल:** परिवहन विभाग और यातायात पुलिस इन पर लगाम कसने में विफल दिखाई दे रहा है। ऐसे में दिल्ली के सभी मार्गों पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। ई- रिक्शा किसी भी रूट पर बेखौफ होकर फरार्टा भरते हुए देखे जा सकते हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि हर चौराहा पर यातायात पुलिस का पहरा होने के बाद भी ई-रिक्शा चालकों की मनमानी जारी है।

# डीडीए तुरंत गौशाला के लिए वैकल्पिक स्थान की व्यवस्था करें : लवली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली प्रदेश कांग्रेस** कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि शास्त्री पार्क क्षेत्र यमुना खादर में प्रशासन द्वारा गौशाला को तोड़ना निदंनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की केन्द्र सरकार के आधीन डीडीए द्वारा कड़कती ठंड में गौशाला को तोड़ना अपराध है। भाजपा सरकार नई गौशाला बनाने की बजाय उन्हें तोड़ रही है यह लोगों की धार्मिक आस्था के प्रति अपमान है, क्योंकि लोग गाय की पूजा करते है। श्री लवली ने हमला बोलते हुए कहा कि डीडीए अपने असली काम से पीछे हट गई है। अरविन्दर सिंह लवली ने मांग की कि डीडीए तुरंत उजाड़ी गई गौशाला के लिए वैकल्पिक



स्थान की व्यवस्था करें। जब तक स्थायी व्यवस्था नही होती, प्रशासन गौशाला के लिए अस्थायी व्यवस्था करे। श्री लवली ने इस पूरे मामले में भाजपा की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की आक्रामक कार्यवाही में एक गाय की मृत्यु होना अत्यंत दुखद है। ज्ञातव्य है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने खादर क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के लिए मौके पर कांग्रेस की टीम को भेजा। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यहां गौशाला और रहने वाले लोगों को उजाड़ दिया है तथा अन्य नजदीक रह रहे और लोगों को उजाड़ने की तैयारी सरकार कर रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरि शंकर गुप्ता, जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, पूर्व जिला अध्यक्ष हरी किशन जिंदल, कमलकांत शर्मा, हरनाम सिंह, अनुज आत्रेय, मौहम्मद उस्मान, सुखबीर शर्मा, एस.के. पुरी सहित क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल थे।

पूर्व विधायक हरि शंकर गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार के अधीन दिल्ली नगर निगम ने बिना किसी पूर्व सूचना के गौशाला और मंदिर व उसमे स्थापित मूर्तियों को तोड़ने की कड़ी निंदा करते हुए माँग की गौशाला और मंदिर का दोबारा निर्माण करवाया जाए और गौशाला को अनुदान भी दिया जाये।



वार्ड-18 जहांगीर पुरी में विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के नेतृत्व में ' मैं भी केजरीवाल' डोर टू डोर अभियान चलाते हुए आप नेता सुरेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष लख्मी पाल, प्रदीप गोयल, अनुज सिंह व अन्य।